

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

परिणीति चोपड़ा ने कोड...8



दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

गुरुवार, 13 अक्टूबर 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्ष: 09 अंक: 293 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रुपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## विश्व में बज रहा भारत का डंका

### बोले जेपी नड्डा: पीएम मोदी के नेतृत्व में देश का तेजी से हो रहा विकास



अहमदाबाद। गुजरात विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने आप अपना पूरा फोकस वहां कर दिया है। आज गुजरात में भाजपा की ओर से गौरव यात्रा निकाली जा रही है। इस मौके पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा मेहसाणा पहुंचे थे। इस दौरान इन जेपी नड्डा ने कहा कि गौरव यात्रा भारत के गौरव को स्थापित करने की यात्रा है। यह पूरे देश के लिए गौरव की बात है। हम आज पूरे देश का विकास देख रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का विकास चल रहा है। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि आज पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है। उन्होंने कहा कि ये गौरव यात्रा कोई भारतीय जनता पार्टी की गौरव यात्रा नहीं है, ये गौरव यात्रा सिर्फ गुजरात की गौरव यात्रा नहीं है, ये गौरव यात्रा भारत के गौरव को भव्य करने वाली गौरव यात्रा है। भाजपा अध्यक्ष ने आगे कहा कि यह हम सब लोगों के लिए सौभाग्य की बात है कि जो देश को दुनिया के नक्शे पर स्थापित करने के लिए, आत्मनिर्भर देश बनाने के लिए, विकसित भारत बनाने के लिए, सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास है। उन्होंने कहा काह कि सबको साथ लेकर चलने वाला भारत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगे छलांग लगा रहा है। उस गौरव यात्रा की गंगोत्री गुजरात है। नड्डा ने कहा कि महात्मा गांधी जी को याद करें तो वो गुजरात की धरती याद आती है, सरदार पटेल को याद करें, जिन्होंने भारत को एकता की सूत्र में बांधा, तो गुजरात की धरती को याद करते हैं। आपको बता दें कि गुजरात में भाजपा के समक्ष सत्ता में वापसी करना एक बड़ी चुनौती है। पिछले 27 सालों से गुजरात में भाजपा शासन में है। नड्डा ने कहा कि भारत को आधुनिक भारत बनाते हुए दुनिया के नक्शे पर खड़ा करने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने किया, तो गुजरात को धरती को याद करते हैं। उन्होंने विपक्ष पर निसाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने भाई को भाई से लड़ाया, इलाके को इलाके से लड़ाया, जहां पानी चाहिए था वहां पानी नहीं दिया, विकास की यात्रा को अटकाया, भटकाया, लटकाया। आज ये खुद लटके और भटके हुए हैं।

## मोदी सरकार की नोटबंदी की समीक्षा करेगा एससी, केंद्र और RBI से मांगा हलफनामा



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट बुधवार को 500 और 1,000 रुपये के नोटों को बंद करने के केंद्र सरकार के 2016 के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए नोटिस जारी किया है। संविधान पीठ इस बात की जांच करेगी कि क्या यह मुद्दा अब केवल अकादमिक है। याचिकाएं नवंबर 2016 के केंद्र के फैसले को चुनौती देती हैं। संविधान पीठ में जस्टिस एस अब्दुल नजीर, बीआर गवई, एएस बोपन्ना, वी रामसुब्रमण्यम और बीवी नागरत्ना शामिल हैं। मामला छह साल बाद संविधानिक पीठ के सामने आया है। केंद्र और आरबीआई ने हलफनामा दाखिल करने के लिए समय मांगा है। मामले की अगली सुनवाई अगली सुनवाई 9 नवंबर को होगी। न्यायमूर्ति एसए नजीर की अध्यक्षता वाली एक संविधान पीठ ने 28 सितंबर को कहा था कि वह इस पर विचार करेगी कि क्या याचिकाएं अकादमिक अभ्यास हैं। जस्टिस बीआर गवई, एएस बोपन्ना, वी रामसुब्रमण्यम और बीवी नागरत्न की बेंच ने नोटों के विमुद्रीकरण को चुनौती देने वाली 58 याचिकाओं के एक बैच पर सुनवाई के बाद ये टिप्पणी की थी। आज इस मामले पर सुनवाई करते हुए जस्टिस नजीर ने कहा कि वो 2016 में नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा किए गए विमुद्रीकरण अभ्यास के पीछे निर्णय लेने की प्रक्रिया को देखेगा। शीर्ष अदालत ने केंद्र और भारतीय रिजर्व बैंक से विस्तृत हलफनामा दाखिल करने को कहा। 8 नवंबर 2016 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 500 और 1,000 रुपये के नोटों को बंद करने की घोषणा की थी। इस अभूतपूर्व निर्णय का एक प्रमुख उद्देश्य डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देना और काले धन के प्रवाह पर अंकुश लगाना था। केंद्र सरकार के दो उच्च मूल्यवर्ग की मुद्राओं को वापस लेने के अचानक निर्णय के कारण बैंकों के बाहर लोगों की लंबी कतारें चलन में आने ध जमा करने के लिए लगीं। एटीएम के बाहर भी कैश निकालने के लिए लोगों की लंबी कतार लग गई। अर्थव्यवस्था के कई क्षेत्र, विशेषकर असंगठित क्षेत्र, सरकार के फैसले से प्रभावित हुए। विमुद्रीकरण अभ्यास के हिस्से के रूप में तत्कालीन प्रचलित 500 और 1,000 रुपये के नोटों को वापस लेने के बाद, सरकार ने पुनरू मुद्रीकरण के हिस्से के रूप में 2,000 रुपये के नए नोट पेश किए थे।

## देश के टॉप 10 सरकारी स्कूलों में 5 दिल्ली के, गदगद केजरीवाल ने ट्वीट कर दी बधाई



नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल लगातार दिल्ली में शानदार शिक्षा व्यवस्था का दावा करते हैं। अब यह हकीकत में भी दिखाई देने लगा है। एक सर्वे में राष्ट्रीय राजधानी के 2 सरकारी स्कूल देश के राज्य सरकारों के विद्यालयों की रैंकिंग में सबसे शीर्ष पर रहे हैं। एजुकेशन वर्ल्ड स्कूल रैंकिंग में दिल्ली के सेक्टर 10 स्थित राजकीय प्रतिभा विकास विद्यालय ने पहला और यमुना विहार स्थित राजकीय प्रतिभा विकास विद्यालय ने दूसरा स्थान हासिल किया है। इसी को लेकर केजरीवाल काफी खुश नजर आ रहे हैं। केजरीवाल ने ट्वीट कर बधाई दी है। उन्होंने लिखा कि मुझे मेरी शिक्षा टीम पर गर्व है। दिल्ली सरकार के विद्यालयों ने भारत में राज्य सरकारों के सर्वश्रेष्ठ स्कूलों की सूची 'एजुकेशन वर्ल्ड (ईडब्ल्यू) स्कूल रैंकिंग' में एक बार फिर शीर्ष स्थान हासिल किया। इतना ही नहीं, उन्होंने दावा किया कि शीर्ष 10 में दिल्ली के पांच स्कूल हैं। उन्होंने दिल्ली सरकार की शिक्षा टीम को बधाई देते हुए इसे एक 'शानदार उपलब्धि' बताया। आपको बता दें कि ईडब्ल्यू शिक्षकों और अभिभावकों के लिए एक पोर्टल है, जो हर साल विद्यालयों की रैंकिंग जारी करता है। मनीष सिसोदिया ने लिखा कि दिल्ली के सरकारी स्कूल भारत में हर दूसरे राज्य सरकार के स्कूलों से आगे निकल रहे हैं और बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। टीम के शिक्षा के प्रत्येक सदस्य के समर्पित प्रयासों के परिणामस्वरूप दिल्ली पूरे देश को आगे की राह दिखा रही है। सबको शुभकामनाएं! केजरीवाल की जरूर से जो सूची जारी की गई है उसमें महाराष्ट्र, केरल, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, पंजाब, हरियाणा और मध्य प्रदेश के स्कूल भी शामिल हैं। कुल मिलाकर देखें तो दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था को लेकर आम आदमी पार्टी की सरकार लगातार बड़े–बड़े दावे करती है। इस सर्वे के आने के बाद से आम आदमी पार्टी इसको लेकर जबरदस्त हुंकार भरने वाली है। आम आदमी पार्टी की सरकार लगातार दूसरे राज्य सरकारों से शिक्षा के मामले में चुनौती देती है।

## खालिस्तानी समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू मामले में भारत को झटका, इंटरपोल ने ठुकराई रेड कार्नर नोटिस जारी करने की मांग



खालिस्तान अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नून के खिलाफ भारत सरकार को करारा झटका लगा है। इंटरपोल ने कनाडा स्थित संस्थापक और खालिस्तान समर्थक सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के कानूनी सलाहकार के खिलाफ आतंकी आरोपों पर रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने के भारत के दूसरे अनुरोध को खारिज कर दिया है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार भारतीय अधिकारी अपने मामले का समर्थन करने के लिए पर्याप्त जानकारी प्रदान करने में विफल रहे। सूत्रों ने कहा कि इंटरपोल ने ये भी संकेत दिया कि यूएपीए, के तहत रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने की मांग की थी, इंटरपोल ने उस पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि, सूत्रों ने कहा कि इंटरपोल ने स्वीकार किया कि पन्नून एक ष्हाई–प्रोफाइल सिख अलगाववादीष है और एसएफजे एक ऐसा समूह है जो एक स्वतंत्र खालिस्तान की मांग करता है। फिर भी, उन्होंने कहा, यह निष्कर्ष निकाला है कि पन्नून की गतिविधियों का एक ष्स्पष्ट राजनीतिक आयामष है, जो इंटरपोल के संविधान के अनुसार रेड कॉर्नर नोटिस का विषय नहीं हो सकता है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार भारत के अनुरोध पर पन्नून द्वारा दायर आवेदन पर फैसला सुनाने और भारतीय अधिकारियों से प्रतिक्रिया का मूल्यांकन करने के बाद इंटरपोल की फाइलों के नियंत्रण के लिए आयोग ने अगस्त में भारत को अपने फैसले से अवगत कराया था।

## बीसीसीआई से सौरव गांगुली की विदाई पर तेज हुई राजनीति, टीएमसी ने लगाए आरोप, भाजपा का पलटवार



कोलकाता। भारत के पूर्व कप्तान और वरिष्ठ खिलाड़ी रहे सौरव गांगुली की बीसीसीआई अध्यक्ष पद से विदाई होने वाली है। जानकारी के मुताबिक पूर्व खिलाड़ी रोजर बिन्नी बीसीसीआई के नए अध्यक्ष बन सकते हैं। वहीं जय शाह बीसीसीआई के सेक्रेटरी बने रहेंगे। सौरव गांगुली के बीसीसीआई से विदाई के बाद अब राजनीति शुरू हो गई है। तृणमूल कांग्रेस का दावा है कि सौरव गांगुली भाजपा में शामिल नहीं हुए, इसलिए उन्हें अब बीसीसीआई से हटाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर भाजपा ने साफ शब्दों में कहा है कि इसमें राजनीति का कोई लेना देना नहीं है। आपके लिए जानना यह भी जरूरी है कि सौरव गांगुली की लगातार भाजपा में शामिल होने की खबरें चलती रही थीं। लेकिन ऐसा अब तक नहीं हो सका है सौरभ गांगुली के रिश्ते भाजपा और तिरुमल दोनों से बेहतर है तृणमूल कांग्रेस के सांसद शांतनु सेन ने कहा कि अमित शाह कुछ महीने पहले सौरव गांगुली के घर गए थे। जानकारी है कि गांगुली को बीजेपी में शामिल होने के लिए बार–बार संपर्क किया गया था। शायद उन्होंने बीजेपी में शामिल होने के लिए सहमति नहीं दी है और बंगाल से हैं, वह राजनीतिक प्रतिशोध का शिकार हो गए हैं। अमित शाह के बेटे को बीसीसीआई ने सचिव के रूप में बरकरार रखा गया, लेकिन गांगुली को नहीं। वहीं, भाजपा सांसद लॉकेट चटर्जी ने कहा कि सौरव गांगुली की आलोचना करने वालों को खुद को आईने में देखना चाहिए। इसका (यूनियन एचएम अमित शाह सौरव गांगुली के घर का दौरा कर रहे हैं) का राजनीति से कोई लेना–देना नहीं है।

## पंजाब सरकार को बड़ा झटका, कुमार विश्वास और तजिंदर पाल बग्गा के खिलाफ दर्ज, FIR को HC ने किया रद्द



चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी के संस्थापक सदस्य रहे और वर्तमान में प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास और भाजपा नेता तजिंदर पाल बग्गा को पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। दोनों के खिलाफ पंजाब में दर्ज एफआईआर को हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया है। 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कथित भड़काऊ बयानों को लेकर पंजाब की रूपनगर पुलिस ने कुमार विश्वास के खिलाफ मामला दर्ज किया था। कुमार विश्वास और तजिंदर पाल बग्गा ने साफ तौर पर कहा था कि पंजाब सरकार द्वारा दर्ज कराए गए केस राजनीति से प्रेरित है। कुमार विश्वास पर आरोप था कि उन्होंने अरविंद केजरीवाल के खालिस्तान से संबंध के गलत आरोप लगाए हैं। दूसरी ओर दिल्ली में तजिंदर पाल बग्गा का भी केजरीवाल के खिलाफ जबरदस्त तरीके से हमलावर रहते हैं। उनके खिलाफ ही पंजाब में केस दर्ज किया गया था। तजिंदर पाल बग्गा को गिरफ्तार करने के लिए पंजाब पुलिस दिल्ली भी पहुंच गई थी। उस दौरान काफी ड्रामा देखने को मिला था। दूसरी ओर कुमार विश्वास के घर भी पंजाब पुलिस 20 अप्रैल को गाजियाबाद में पहुंची थी। अप्रैल में मोहाली में भड़काऊ बयान और आपराधिक धमकी देने के आरोपों में बग्गा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। वरिष्ठ अधिवक्ता चेतल मित्तल ने बताया कि न्यायमूर्ति अनूप चितकारा ने प्राथमिकियों को खारिज करने का आदेश दिया है।

## विदेश मंत्री जयशंकर ने ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों के साथ उठाया वीजा 'बैकलॉग' का मुद्दा



सिडनी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों के साथ वीजा 'बैकलॉग' का मुद्दा उठाया, विशेष रूप से उन छात्रों को लेकर जो कोविड महामारी के बाद देश के शैक्षणिक संस्थानों में लौटने के इच्छुक हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें आश्वासन दिया गया है कि इस साल के अंत तक समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। ऑस्ट्रेलिया के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे जयशंकर ने मंगलवार को यहां भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, और मैं आपको बताना चाहता हूं कि जब मैं कैनबरा में था तब मैंने इसे विभिन्न मंत्रियों के साथ उठाया। हमारे सामने एक विशेष समस्या है जिसका छात्र सामना कर रहे हैं। मंत्री ने कहा कि उन्हें बताया गया है कि स्थिति में सुधार हुआ है और लगभग 77,000 भारतीय छात्र ऑस्ट्रेलिया में वापस आ गए हैं।




## नए वोटर के मतदान से महबूबा परेशान

### कहा: बीजेपी जम्मू कश्मीर में कर रही विभाजन की कोशिश



जम्मू। जम्मू कश्मीर में नए वोर्टर्स के आदेश पर महबूबा मुफ्ती ने हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर को धर्म के आधार पर बीजेपी बांट रही है और इस कोशिशों को नाकाम करना होगा। इसके साथ ही पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने जम्मू में नए मतदाताओं के पंजीकरण के चुनाव आयोग के आदेश की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि इस क्षेत्र में केंद्र की ष्औपनिवेशिक बसने वाली परियोजनाष शुरू की गई है। जम्मू–कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जम्मू–कश्मीर के बीच धार्मिक और क्षेत्रीय विभाजन पैदा करने के भाजपा के कथित प्रयासों को षनिष्फलष किया जाना चाहिए क्योंकि ष्चाहे वह कश्मीरी हो या डोगरा, हमारी पहचान और अधिकारों की रक्षा तभी संभव होगी जब हम एक सामूहिक लड़ाई। पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कहा कि इसका मतलब है कि जम्मू–कश्मीर के मतदाता के वोट का मूल्य समाप्त हो जाएगा। जम्मू–कश्मीर को छोड़कर देश में कहीं भी लागू नहीं है ये कानून। नए मतदाताओं के पंजीकरण के लिए ईसीआई के नवीनतम आदेश से यह स्पष्ट होता है कि जम्मू में भारत सरकार की औपनिवेशिक बसने वाली परियोजना शुरू की गई है। वे डोगरा संस्कृति, पहचान, रोजगार और व्यवसाय को प्रभावित करेंगे। बीजेपी पर हमला बोलते हुए पूर्व सीएम महबूबा मुफ्ती ने कहा कि बीजेपी की कोशिश को नाकाम करना होगा। महबूबा मुफ्ती की तरफ से ये प्रतिक्रिया सरकार के उस फैसले के बाद सामने आया है जहां जम्मू कश्मीर में वोटर लिस्ट को लेकर बड़ा फैसला लिया गया है। जम्मू में जो लोग एक साल से ज्यादा वक्त से रह रहे हैं उनका वोटर कार्ड बनेगा।

# एडीएम ने एसडीएम के साथ बाढ़ प्रभावित गांवों का किया निरीक्षण

## बाढ़ चौकी पर सभी विभाग की टीमो को मुस्तैद रहने का दिया निर्देश

रूदौली–अयोध्या। रुदौली तहसील क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे सरयू नदी के जलस्तर से तराई क्षेत्र के इलाकों में बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई है गांवों के चारों तरफ पानी ही पानी है ग्रामीणों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।ग्रामीणों का कहना है कि अगर नदी का जल स्तर इसी तरह से लगातार बढ़ता रहा तो हम लोगों को पलायन करने पर मजबूर होना पड़ेगा।

सरजू नदी के लगातार बढ़ रहे जल स्तर को लेकर तराई क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों का निरीक्षण करने के लिए एडीएम एफआर महेंद्र कुमार सिंह ने एसडीएम रुदौली स्वप्निल यादव, तहसीलदार रूदौली प्रज्ञा सिंह व तहसील स्तरीय प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बाढ़ प्रभावित गांवों महंगू का पुरवा,कैथी,संडरी,पसैया,मुजेहना, पास्ता माफी,खैरी,सराय नासिर, कोटरा,मांझा सलाहपुर व शाहपुर सहित बाढ़ प्रभावित गांवों के महंगू का पुरवा,पसैया व कैथी सहित कई गांवों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एडीएम महेंद्र कुमार सिंह ने बाताया की रुदौली तहसील के बाढ़ प्रभावित तराई क्षेत्र में सरयू नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है।जिससे कैथी,महंगू का पुरवा व पसैया जो एक राजस्व गांव के मजरे हैं इन गांवों में बाढ़ का पानी आया हुआ यह गांव प्रभावित हुए है लेकिन अभी लोग विस्थापित नहीं हुए हैं हमारी बाढ़ चौकी पर लगे अधिकारी लगातार बाढ़ प्रभावित लोगों के सम्पर्क में है उनकी हर जरूरतों के बारे सम्पर्क कर रहे हैं।जब एडीएम से बाढ़ प्रभावित गांवों में पशुओं के लिए चारा उपलब्ध नहीं होने के बारे में जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि पशुओं के चारे के लिए भूसे व्यवस्था यहां की गई है।और अधिकारियों से कहा है वह किसानों से सपंर्क करके उसका आंकलन करके बताएं उनके लिए तत्काल व्यवस्था कराई जाएगी।उन्होंने राशन वितरण के बारे बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के गांवों में जाकर अधिकारियों से लगातार ग्रामीणों से सपर्क करने को कहा गया है बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने के लिए अधिकारी व टीमें लगातार लगी हुई जो कार्य कर रहे हैं राहत सामग्री की किट व पके हुए भोजन सहित जिस चीज की आवश्यकता पड़ेगी तत्काल उपलब्ध कराया जाएगा।उन्होंने बताया कि अभी प्रभावित क्षेत्र के कैथी,पसैया व महंगू का पुरवा के किसी घर मे पानी नहीं घुसा है और न किसी के विस्थापित होने स्थिति बनी है फिर भी हमारी बाढ़ चौकी पर मौजूद सभी अधिकारी लगातार लोगों से सम्पर्क कर उनकी जरूरतों का आंकलन कराया जा रहा है उनको जिस चीज की आवश्यकता होगी उन्हें तत्काल उपलब्ध कराया जाएगा और लोगों की जरूरतों के मुताबिक आज भी मुहैया कराया जा रहा है।अधिकारियों को किसानों की फसलों को नुकसान होता है तो उसका आंकलन करके सहायत प्रदान की जाएगी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटका मिला युवक का शव

मिल्कीपुर–अयोध्या। खंडासा थाना क्षेत्र के कोटिया ग्राम पंचायत अंतर्गत कर्मू पुर गांव में 21 वर्षीय बौने दलित युवक का शव उसके घर के ही कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटका मिलने के बाद गांव में सनसनी फैल गई है। इतना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची खंडासा पुलिस ने युवक का शव कब्जे में लेकर पंचायत नामा कराने के उपरांत पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। फिलहाल पुलिस घटना की गहन छानबीन में जुटी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक खंडासा चौकी क्षेत्र के कोटिया ग्राम पंचायत के कर्मूपुर गांव निवासी 21 वर्षीय बौने युवक रवि कुमार के पिता जग प्रसाद एवं मां की मृत्यु हो चुकी है। रवि कुमार के एकलौती बहन है। जिसकी शादी हो चुकी है, जो अपने ससुराल में रहती थी। रवि कुमार अपने घर पर अकेले ही रहता था। .... ग्रामीणों ने रवि कुमार का शव घर के अंदर कमरे के बयाले में रखी एक बांस की बल्ली में कपड़े के सहारे लटका देखा युवक का बाया पैर चारपाई पर सटा हुआ था और दाहिना पैर दीवार से सटाकर खड़ी की गई एक चारपाई के पावे पर रखा हुआ था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक युवक का शव पूरी तरह से संदिग्ध अवस्था में लटका था। जिसको देखने के बाद हर कोई कयास लगा रहा था, कि युवक की हत्या करके शव को फांसी पर लटकाते हुए आत्महत्या का रूप दिया गया है। घटना की जानकारी के बाद ग्रामीणों में युवक की मौत को लेकर सुगबुगाहट भी शुरू हो गई है।

ग्रामीणों ने घटना की जानकारी खंडासा चौकी पुलिस एवं खंडासा थानाध्यक्ष को दी जानकारी मिलते ही चौकी प्रभारी अश्वनी कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटनास्थल का वीडियो ग्राफी कराते हुए युवक का शव फंदे से नीचे उतरवाया और विधिक कार्यवाही शुरू की। घटना के संबंध में थानाध्यक्ष खंडासा संतोष कुमार सिंह ने बताया कि युवक की बहन ने अपने भाई के आत्महत्या किए जाने की सूचना दी है। जिसके आधार पर युवक के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। फिलहाल युवक की मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

# दीपोत्सव में सीएम योगी 229 परियोजनाओं देंगे तोहफा

## इसबार 8 देशों व 10 प्रदेशों की रामलीला का होगा मंचन

अयोध्या। मण्डलायुक्त नवदीप रिणवा की अध्यक्षता में अयोध्या में प्रान्तीयकृत छठवे दीपोत्सव 2022 को भव्य एवं दिव्य मनाये जाने के सम्बंध में आयुक्त सभागार में जिले के सभी आलाधिकारियों के साथ तैयारियां की समीक्षा बैठक की। छठवा दीपोत्सव 23 अक्टूबर 2022 को भव्य रूप में मनाया जायेगा। दीपोत्सव 2022 में इस बार 15 लाख दीप प्रज्जवलित कर गिनीज वर्ल्ड बुक रिकार्ड बनाया जायेगा। आयुक्त कार्यालय सभागार में मण्डलायुक्त नवदीप रिणवा की अध्यक्षता में 3 दर्जन से अधिक अधिकारियों के साथ दीपोत्सव मनाये जाने की कार्ययोजना की तैयारी कर गहन विचार किया गया। उल्लेखनीय है कि उ0प्र0 की वर्तमान लोकप्रिय सरकार द्वारा 2017 में अयोध्या में दीपोत्सव मनाये जाने का कार्यक्रम की शुरूआत की गयी थी जब से लगातार दीपोत्सव मनाया जा रहा है तथा प्रदेश सरकार द्वारा 2019 में इस दीपोत्सव कार्यक्रम को प्रान्तीय स्तर का मेला घोषित किया गया। मण्डलायुक्त ने कहा कि सभी तैयारियां 15 अक्टूबर 2022 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कर ली जाय तथा उन्होंने बताया कि साकेत महाविद्यालय से निकलने वाली 11 झांकियां के अतिरिक्त इस बार रामायण थीम आधारित 5 डिजिटल एवं ऐनीमेटेड झांकियां भी निकाली जायेंगी, जिसमें डिजिटल माध्यम से भगवान श्रीराम जी के जीवन चरित्र को भी दर्शाया जायेगा, इसके लिए अतिरिक्त तैयारियां पूर्ण कर ली जाय। मण्डलायुक्त ने कहा कि दीपोत्सव के अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा 1841 करोड़ की लागत की लगभग 229 परियोजनाओं का लोकार्पणधशिलान्यास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी तैयारियां समयवार बेहतर तरीके से कर ली जाय तथा सभी विभागों के साथ समन्वय कर कार्यो की माइक्रो प्लानिंग किया जाय, जिससे कि आयोजन के समय किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने पायें। उन्होंने कहा कि मेला परिसर तथा निकलने वाले शोभायात्रा के रास्ते में लटक रहे तारो को विद्युत विभाग समय से सही करवा दें, जिससे किसी प्रकार की अप्रिय घटना न होने पायें। उन्होंने कहा कि राम की पैड़ी के आसपास लगे सभी वाणिज्यिक प्रचार सामाग्री को तत्काल हटा लिया जाय। मण्डलायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि मेला परिसर में सभी आवश्यक दवाईयां तथा एम्बुलेंस व्यवस्था के साथ साथ पर्याप्त मात्रा में मेडिकल टीम भी तैनात की जाय तथा उन्होंने कहा कि दीपोत्सव परिसर के अलावा शहर के सभी प्रमुख चौराहों पर भी दीप प्रज्जवलित किये जायें।

बैठक में जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि इस बार दीपोत्सव 2022 के मंचीय कार्यक्रम में 8 देशों (इण्डोनेशिया, श्रीलंका, मलेशिया, थाईलैंड, रूस, फिजी, ट्रिनिडाड एण्ड टोबैगो व नेपाल) तथा 10 प्रदेशों (उत्तर प्रदेश, दिल्ली, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, आन्ध्र प्रदेश, तेलंगाना, गुजरात, ओड़िसा, तमिलनाडु व झारखण्ड) की रामलीला कमेटियां रामकथा पार्क, भजन संध्या स्थल, बड़ी देवकाली, गुप्तारघाट, भरतकुण्ड, रामघाट रेलवे पुल के बगल, राम बाजार अन्तर्राष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय के समीप स्थलों पर रामलीला का मंचन करेंगी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा ने बताया कि जो पास विभागों द्वारा जारी किया जाय सबका अलग–अलग रंग निर्धारित कर दिया जाय तथा उसमें फोटो आईडी सहित क्रम संख्या दर्ज किया जाय, जिससे दीपोत्सव के समय अतिरिक्त भीड़ पर काबू पाया जा सकें और व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रखी जा सकें। उन्होंने कहा कि यदि कोई पास का दुरूपयोग करता है तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जायेगी। बैठक में नगर आयुक्त विशाल सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अनिता यादव, पुलिस अधीक्षक नगर मधुबन कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी नगरधमेलाधिकारी सलिल कुमार पटेल, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित सिंह, अपर नगर आयुक्त शशिभूषण राय, डा. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के नोडल अधिकारी प्रो. अजय प्रताप सिंह सहित अन्य विभाग के अधिकारीधप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# आरएसएस ने मनाया शरद पूर्णिमा उत्सव

सोहावल–अयोध्या। शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयं सेवकों ने सोहावल खंड में शरद पूर्णिमा उत्सव मनाया।सोहावल खण्ड के कटरौली में स्वयंसेवक सपरिवार एवं बच्चों सहित एकत्रित होकर उत्सव को मनाया स कार्यक्रम में बौद्धिक के अतिरिक्त विविध प्रकार के खेल जैसे कबड्डी, खो–खो, शिवाजी, टैंक युद्ध, अंताक्षरी जैसे खेलों का आनंद लिया कार्यक्रम के उपरांत चंद्रमा की रोशनी में रखे गए खीर को सभी स्वयंसेवकों ने प्रसाद रूप में ग्रहण किया स इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला प्रचारक सुधांशु ने बताया कि अपने देश के अलग–अलग विभागों में अनेक प्रकार के उत्सवों की परंपरा है स प्रत्येक उत्सव के साथ कोई न कोई पौराणिक ऐतिहासिक या राष्ट्रीय महत्व के प्रसंग जुड़े हुए हैं, जो हमें अनुप्राणित करते हैं स राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नीति निर्माताओं को संगठन में जब जिन गुणों एवं प्रेरक प्रसंगों की आवश्यकता महसूस हुई तदनुसार उन्होंने उत्सव को मनाने की व्यवस्था भी किया स अपने संघ में कुल 6 उत्सवों को मनाने की परंपरा रही है स जिसमें से शरद पूर्णिमा एक महत्वपूर्ण उत्सव है स प्रत्येक उत्सव हमारे समाज को जोड़ता है तथा समाज में समरसता को भी स्थापित करता है स शरद पूर्णिमा उत्सव के खगोलीय पौराणिक एवं ऐतिहासिक महत्व रहे हैं स आज के दिन चंद्रमा पृथ्वी के सबसे ज्यादा करीब होता है साथ ही सबसे अधिक चमकीला भी होता है स ऐसी मान्यता है कि शरद पूर्णिमा के दिन चंद्रमा से अमृत की बारिश होती है स इसी अमृत को हम सभी चंद्रमा की खुली रोशनी में रखे गये खीर में प्राप्त कर सामूहिक रूप से ग्रहण करते हैं।इस अवसर पर जिला सेवा प्रमुख पुष्कर दत्त तिवारी,सोहावल खण्ड प्रचारक विशाल, सुरेंद्र जी,जिला उपाध्यक्ष भाजपा कृष्ण कुमार पांडेय ,मिंटू सिंह,अरुण तिवारी, करुणापति, विश्वनाथ तिवारी अमृत, घनश्याम , अजीत पिंटू, रोशन लाल, कमलेश, सुरेंद्र , दीपू , फूलचंद ,अमर जीत (संतू) आदि स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

# किसान ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

कानपुर देहात। सिकंदरा थाना क्षेत्र के निन्हौरा गांव के एक किसान ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। इससे घर में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्राथमिक छानबीन के बाद शव पोस्टमार्टम को भेजा है। निळौरा गांव के राम सजीवन उर्फ पप्पू (48) कुछ दिनों से तनाव में चल रहे थे। रात गांव के प्राथमिक स्कूल के पास पकड़िया के पेड़ पर फंदा डालकर फांसी लगा ली। इससे उनकी मौत हो गई। . सुबह वहां से निकले लोगों से हुई जानकारी पर उनके घर में कोहराम मच गया। पति की मौत से उनकी पत्नी सरिता देवी बदहवास हो गई। पुत्र शिवम व भाई अजय का रो– रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना पर सिकंदरा थाने से एसआई धीरेंद्र कुध्मार गांव पहुंचे तथा प्राथमिक छानबीन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उन्होंने बताया कि पूछताछ में परिजन आत्महत्या की ठोस वजह नहीं बता सके। लोगों से की गई पूछताछ में गृह कलह की बात सामने आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले में अग्रिम कार्रवाई होगी।

# कोतवाली पुलिस के हाथ खाली, अफसर लगा रहे चक्कर कोतवाली

## अधिकारी पर हमला करने वाले ट्रांसपोर्टर घूम रहे खुलेआम, कोतवाली पुलिस दे रही अभयदान

उन्नाव । प्रदेश की योगी सरकार अपराध पर किसी भी दशा में समझौता करने को तैयार नही है। प्रदेश सरकार की मंशानुरुप अपराधी अधिकांशतः जेल में है। यह भी दावा किया जाता है कि कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड करने वालों की खैर नही है। लेकिन अगर इसी रामराज्य में किसी सरकारी अधिकारी के साथ उस वक्त गुंडई की जाए जब वह अपने कर्तव्यों का निर्वाहन कर रहा हो तो इसे क्या कहेगें। क्या यहां कानून व्यवस्था का माखौल नही उडाया जा रहा है। इससे कही न कही कानून व्यवस्था की पोल खुलती है और सरकार की नीतियों से लोगो विश्वास भी आहत होता है। कहने का तात्पर्य ये है कि सरकार की सकारात्मक छवि पर कही न कही असर डालने का काम इस तरह की घटनाएं करती है। बीते सितंबर माह की 7 तारीख को अंर्तजनपदीय ड्यूटी पर आए लखनऊ एआरटीओ अमित रंजन पर श्रीकांत सहित अन्य 10–12 लोगो ने हमला किया था। कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली थी। मामला हुए लगभग एकमाह से अधिक का समय बीतने को है लेकिन कोतवाली पुलिस के हाथ खाली है। इसे कोतवाली पुलिस की नाकामी ही कहेंगे। मामले को लेकर जब पीडित लखनऊ एआरटीओ अमित रंजन से तरुणमित्र की उन्नाव टीम ने बात की तो उन्होने बताया कि कोतवाली पुलिस द्वारा अभी तक कोई संतोष जनक कार्यवाही देखने को नही मिल है। न्याय न मिलने पर उन्होने उच्चाधिकारियों से शिकायत की बात कही। उनका कहना था कि सरकारी ड्यूटी पर लगे अफसरों पर इस तरह के हमले दबंग करते रहे तो अफसर ड्यूटी कैसे कर पाएगा। वहीं इस संबन्ध मे जब कोतवाली प्रभारी व सीओ को फोन किया गया तो उनका फोन नही उठा। जब कि एसपी के पीआरओ ने बताया कि साहब मीटिंग में है।

# अयोध्या–रायबरेली राजमार्ग से हटाए गए छुट्टा पशु

अयोध्या। मंडलायुक्त और सीडीओ के निर्देश पर अयोध्या–रायबरेली राजमार्ग पर खड़े छुट्टा पशुओं को हांका लगा कर हटाया गया। बताते चलें कि बीते कुमारगंज स्थित आचार्य नरेंद्र देव एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के 48 वें स्थापना दिवस समारोह में शिरकत करने जा रहे मंडलायुक्त नवदीप रिणवा एवं सीडीओ अनीता यादव को सड़क पर जगह जगह छुट्टा मवेशी दिखाई पड़े।जिस पर उन्होंने खंड विकास अधिकारी मिल्कीपुर मनीष मौर्य को निर्देशित करते हुए छुट्टा पशुओं को तत्काल रोड से हटाने का आदेश दिया। आनन–फानन में दूसरे दिन 25–25 सफाई कर्मियों की तीन टोली बनाकर छुट्टा जानवरों का हटा रोड से लगाया गया। खंड विकास अधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि विकास एवं पशुपालन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की एक टीम एडीओ आईएसबी गौतम वर्मा के नेतृत्व में बारुन बाजार से लेकर कुचेरा तक तथा दूसरी टीम एडीओ पंचायत सुरेंद्र कुमार राव के नेतृत्व में कुचेरा बाजार से डीलीगिरधर तक एवं तीसरी टीम एडीओ सहकारिता शिवबरन यादव के नेतृत्व में डीलीगिरधर से बरईपारा तक लगाई गई।जिसने सुबह 10:00 बजे से लेकर 3:00 बजे तक हाईवे पर से पशुओं का हटाकर पकड़ने का प्रयास किया और दर्जनों छुट्टा पशुओं को पकड़ कर विकासखंड मिल्कीपुर की गौशाला भागीपुर,परसवां और कुंभी में पहुंचाया। वहीं दूसरी ओर क्षेत्रीय किसानों का आरोप है कि प्रशासन द्वारा सिर्फ हांका लगाकर पशुओं को सड़क से भगाया गया है जबकि बड़ी संख्या में मौजूद छुट्टा पशु आज भी किसानों की फसलों को लगातार चट कर रहे हैं।प्रशासन द्वारा छुट्टा जानवरों को पकड़ने का अभियान महज हवा हवाई साबित हुआ है।

# स्वाइन फ्लू संक्रमित महिला की हालत गंभीर,आईसीयू में भर्ती

कानपुर। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के छात्रों के बाद चकेरी के मंगला विहार की 57 वर्षीय महिला में इनफ्लुएंजा ए एच वन एन वन की पुष्टि हुई है। उन्हें मैटरनिटी विंग की दूसरी मंजिल में आइसोलेशन वार्ड में भर्ती कराया गया है। महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने कोयला नगर मंगला विहार के आस–पास सर्वे कराया। 6 से अधिक मरीजों में स्वाइन फ्लू जैसे लक्षण पाए मिले। इसके बाद उनके ब्लड के सैंपल जांच के लिए भेजा गया है। लेने की तकलीफ होने पर चकेरी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां पर उनका इलाज चला। निजी लैब से जांच कराई गई, तो उसमें इनफ्लुएंजा एएच वन एनवन के संक्रमण का पता चला। डॉक्टरों ने उन्हें उर्सला अस्पताल भेज दिया, जहां हालत बिगड़ने पर हैलट के लिए रेफर किया गया। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर संजय काला ने बताया, महिला को उर्सला अस्पताल से भेजा गया है। वहां सांस की तकलीफ होने की बात बताई गई थी। मैटरनिटी विंग के आईसोलेशन वार्ड में भर्ती कराया गया है।

# दीवानी न्यायालय परिसर मे मुलायम सिंह यादव के निधन पर शोकसभा

उन्नाव । दीवानी न्यायालय परिसर उन्नाव मे अजेंद्र अवस्थी एडवोकेट के संयोजन मे मुलायम सिंह यादव के निधन पर शोकसभा सम्पन्न हुई। इस शोकसभा में विचार व्यक्त करते हुऐ अधिवक्ताओं ने कहा कि मुलायम सिंह ने अधिवक्ताओं के दर्द को समझा था, इसलिए उन्होंने अपने शासन काल में तहसील स्तर से लेकर जनपद स्तर तक अधिवक्ता चौम्बरों का निर्माण कराया था तथा अधिवक्ताओ के लिये जीवनबीमा की योजना का प्रारम्भ कराया था। किसान को भूमिधर बनाने का काम मुलायम सिंह ने किया था। किसानों के लिये मुफ्त सिचाई तथा एक रुपये के पर्चे पर दवाई,कन्या विद्याधन, बेरोजगारीभत्ता मुलायम सिंह की कालजयी योजनाएं है। रक्षामंत्री काल में मुलायम सिंह ने प्रत्येक सैनिक का अंतिम संस्कार उसके पैतृक स्थान में सरकारी खर्च में कराने का आदेश पारित किया क्योंकि उसके पहले शहीद सैनिको का पार्थिव शरीर उनके पैतृक निवास नही जाता था। मुलायम सिंह यादव संघर्ष से सफलता का पर्यायवाची है। समस्त अधिवक्ताओं ने मोमबत्ती जलाकर दो मिनट का मौन रखके उनकी आत्मा को शान्ति प्रदान के लिए ईश्वर से प्रार्थना की, इस अवसर पर अधिवक्ता सर्वश्री सतीश त्रिपाठी, ओम प्रकाश अवस्थी, संजय त्रिवेदी, धरमंगल यादव, अभिषेक अवस्थी, धवल श्रीवास्तव, राहुल बाजपेयी, राजहंस, अरविन्द वर्मा, राजेश यादव, अशोक, कालिका त्रिपाठी, विवेक शुक्ला, शुभम अवस्थी, सूरज बाजपेयी, सन्त कुमार, पंकज शुक्ला, विजय यादव, प्रमोद मिश्रा, संजय मैनेजर, शनी यादव, ओपी पाण्डेय, ओम प्रकाश, शिव प्रकाश वाजपेयी, आदि उपस्थित रहे।

# महंगू का पुरवा गांव के घरों में घुसा बाढ़ का पानी

अयोध्या। महंगू का पुरवा निवासी अनिल यादव,रघुनाथ यादव,नकछेड यादव,राम जियावन,रामतिलक, राम सुफल,राम नेवल, राम प्यारे यादव,देशराज यादव ने बताया की महंगू का पुरवा गांव के घरों में पानी घुस गया है लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है।वहीं सल्लाहपुर व सडरी गांव निवासी भगवंत यादव,बलवंत यादव,रामकुमार, जगदीश, सियाराम ,पवन यादव, रामअचल, सत्यप्रकाश, रामपाल,लालबक्स यादव,चन्द्र प्रकाश तिवारी ने बताया कि नदी का जलस्तर पढ़ने से गांव में पूरी तरह से जलभराव है और लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है लोगों बाहर निकलना मुश्किल हो गया है ऐसे जानवरो के खाने के चारे के लिए सबसे बड़ी समस्या खड़ी हो गई है।इन ग्रामीणों ने बताया कि लगातार बढ़ रहे सरजू नदी के जलस्तर को देखते हुए लोग भयभीत हैं गांवों के रास्ते मे पानी भर जाने के कारण बच्चों का स्कूल जाना भी बंद हो गया है।

# पुलिस की टीम छात्र को लेने कोलकाता रवाना हुई

कानपुर। रावतपुर थाना क्षेत्र से लापता हुए युवक का अपहरण नहीं हुआ है। वह सोशल मीडिया के जरिये बनाई हुई एक फ्रेंड से मिलने कोलकाता गया है। रावतपुर थानाध्यक्ष संजय शुक्ला ने बताया कि लापता युवक अपहरण की झूठी कहानी रच कर घर से भाग गया था। पुलिस की टीम छात्र को लेने कोलकाता रवाना हो गई है।

बता दें औरैया निवासी युवक कानपुर में अपने मौसा के घर रहता था। वह डिलीवरी ब्वॉय का काम करता था। 7 अक्टूबर की रात वह घर से लापता हो गया और 8 अक्टूबर को उसकी मां के फोन पर 30 हजार रुपये फिरौती का मैसेज आया। जिसके परिजनों ने रावतपुर थाने में अपहरण का मामला दर्ज कराया था। पुलिस के अनुसार वह पहले भी घर से भाग चुका है।

# भयंकर बाढ़ की भयंकर तबाही, फसल चौपट तो जीवन पर मंडरा रहा घोर संकट

## आज आ सकते है मुख्यमंती

राजेश शर्मा/
दैनिक बुद्ध का संदेश
तुलसियापुर/सिद्धार्थनगर। जनपद इस समय बाढ को लेकर पेरशान है खास कर डुमयिागंज एंव भनावपुर,इटवा में बाढ अपना पैर बड़ी तेजी से पैर फैला रहा है जिसको लेकर जनपद में भय का माहौल बना हुआ, जनपद के सभी जनप्रतिनिधि इस समय जनता के बीच जा कर बचाव व राहत कार्य में जुट गये है पिछले कई दिनों से जिले में राप्ती,बूढ़ी राप्ती, कूड़ा, घोघी व बानगंगा नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी से बांधों पर खतरा मंडराने लगा है। कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त बांधों के टूटने की आशंका से नदी एवं बांध किनारे बसे गांव के लोगों में त्रासदी का भय सताने लगा है। प्रशासन एवं सिंचाई विभाग सहित जनप्रतिनिधियों नेबाढ़ प्रभावित गांवो पर निगरानी बढ़ा दी है। जिले में राप्ती, बूढ़ी राप्ती, बानगंगा, कूड़ा और घोघी नदियों का जलस्तर बढ़ने से हाहाकार मच गया है। तुलसियापुर,कठेला, ढेबरुआ और इटवा की सड़कों पर पानी चढ़ने से आवागमन बाधित हो गया है। बाढ़ के पानी से हजारों एकड़ खेत में खड़ी फसल डूब गई है। कई गांव पानी से घिर गए हैं। नेपाल के पहाड़ों व क्षेत्र में चार दिनों से हो रही बारिश से जिले की नदियों में उफान आ गया है। शोहरतगढ़ क्षेत्र के तुलसियापुर–कठेला पीडब्ल्यूडी मार्ग पर भुतहिया–भुतहवा, मटियार, झुंगहवां, तिरछहवां के पास बाढ़ का पानी चढ़ गया है। इसके अलावा झुंगहवा–झुलनीपुर मार्ग पर भी पांच जगहों पर एवं इटहिया–बालानगर मार्ग, नकोलडीह मार्ग, पन्नापुर मार्ग, नजरगढ़वा मार्ग, तौलिहवा मार्ग पर पानी बह रहा है। शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र के खैरी शीतल प्रसाद, तौलिहवा, खैरी उर्फ झुंगहवां, मटियार उर्फ भुतहवा, तालकुंडा, रेकहट, बसहिया गांवों में बूढ़ी राप्ती, घोरही और बानगंगा नदियों का जलस्तर बढ़ने से कई रास्तों व गांवों में पानी घुस गया है। इससे आवागमन में समस्या हो ही रही है। लोग नाव से आवागमन कर रहे हैं। सुरक्षा के कारण मवेशियों को ऊंचे स्थान पर बांधा जा रहा है। बाढ़ के पानी से खैरी शीतल प्रसाद के टीकर,करौता, चिरहगना, पन्नापुर, नकोलडीह, मुरव्वनडीह, खैरी, शिवदुलारे डीह टोले, खैरी उर्फ झुंगहवा के झुंगहवां व तिरछहवा टोला, तौलिहवा ग्रामसभा के तौलिहवा, इटहिया, बालानगर, कचरिहवा, रेकहट के नजरगढ़वा, मटियार उर्फ भुतहवा के मटियार, भुतहिया, भुतहवा टोला, तालकुंडा ग्रामपंचायत के गोनहा व तमकुहवा टोलों में पानी आ जाने से सैकड़ों एकड़ धान की फसल डूब गई है। उमेष कुमार निषाद ने बताया कि उनके गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। धान, दलहन व सब्जी की फसल डूब गई है। उन्होंने प्रशासन से बाढ़ से प्रभावित गांवों को मैरुंड घोषित करने व राहत उपलब्ध कराने की मांग की है। बूढ़ी राप्ती औ राप्ती नदी का जलस्तर बढ़ने से खतरा बढ़ गई है। सद्दाम खान ने बताया कि शुरुआत में जैसे–तैसे धान की रोपाई कराई। फिर सूखे की मार झेली और अब फसल पक कर तैयार होने को है तो बारिश व बाढ़ ने समस्या बढ़ा दी है। लगातार पांच दिन से हो रही बारिश से शहर से गांव तक पानी ही पानी नजर आ रहा है। जिले की नदियां उफान पर हैं। बूढ़ी राप्ती और घोरही नदियां तीन दिन से खतरे के निशान से ऊपर है।



अवरुद्ध ढेबरुआ-इटवा मार्ग | गांव में घुसा पानी



अवरुद्ध तुलसियापुर कठेला मार्ग | धान व सब्जी की फसल डूबा

## बाढ़ से जनपद परेशान



विधायक विनय वर्मा ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र वासियों के सुख दुःख में खड़ा हूँ। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर दिया हूँ। बाढ़ में फसे सभी परिवारो के लिए खाने पीने की व्यवस्था जल्द हो जाएगा। बाढ़ में बहे परिवार को लेकर प्रशासन के कार्यप्रणाली से काफी चिंतित हूँ पहले मैं कह रहा था कि बाढ़ के प्रति सतर्क रहें। विधानसभा वासियो से कहना चाहता हूं कि किसी को किसी भी प्रकार की समस्या है तत्काल मुझे सूचित करें उसका सहायता किया जाएगा।

## बाढ़ प्रभावित गांवों में सहायता एंव सुरक्षा की जा रही है

दैनिक बुद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर। सांसद जगदम्बिकापाल ने कहा बाढ़ से घिरे गांवो का दौर कर पीड़ित परिवार से मिला हूँ और बाढ़ प्रभावित गांवों में सभी आवश्यक सामग्री व्यवस्था जल्द से जल्द व्यवस्था के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दे दिया हूँ।



## जल्द खाने पीने, चिकित्सा और नाव की व्यवस्था करें

दैनिक बुद्ध का संदेश
शोहरतगढ/सिद्धार्थनगर। पूर्व विधायक अमर सिंह चौधरी ने शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सभी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रो का दौरा कर पीड़ित परिवारों का हाल चाल जाना। उन्होंने कहा शासन प्रशासन से अपील करता हूँ कि जल्द से जल्द खाने पीने, चिकित्सा और नाव की व्यवस्था करें। अपने विधानसभा क्षेत्र के लिए पहले भी सेवा के लिए समर्पित था और अब हूँ आगे भी रहूंगा।



## जिला अधिकारी संजीव रंजन ने कहा बाढ़ से निपटने के लिए प्रशासन तैयार है

दैनिक बुद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर। जिला अधिकारी संजीव रंजन ने कहा बाढ़ से निपटने के लिए प्रशासन तैयार है। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने अपने क्षेत्र में जाके समस्या समाधान करें। एनडीआरएफ टीम को रवाना कर दिया गया है। मैं स्वयं सभी क्षेत्रों में नजर बना रखा हूँ।



## स्वतंत्र देव सिंह ने बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री एवं मेडिकल किट, का वितरण किया

दैनिक बुद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर। मंत्री सिंचाई एवं जल संसाधन बाढ़ नियंत्रण, परती भूमि, विकास, लघु सिंचाई, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति उ0प्र0 सरकार स्वतंत्र देव सिंह ने तहसील बांसी के सूपाराजा के स्कूल में बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री एवं मेडिकल किट, का वितरण किया, जिसमें आटा 10 किग्रा0, चावल 10 किग्रा0,अरहर दाल 02 किग्रा0, नमक 02 किग्रा0, हल्दी 500 ग्रा0, मिर्च 250 ग्रा0, मसाला 250 ग्रा0, रिफाइन्ड तेल 01 किग्रा0, भुना चना 02 किग्रा0, गुड 01 किग्रा0, बिस्किट 10 पै0, माचिस 01 पै0, मोमबत्ती 01 पै0, नहाने का साबुन 02 नग, 5 किलो लाई तथा 10 किलो आलू शामिल है।
इस अवसर पर मा0 मंत्री सिंचाई एवं जल संसाधन बाढ़ नियंत्रण, परती भूमि, विकास, लघु सिंचाई, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति उ0प्र0 सरकार स्वतंत्र देव सिंह कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बाढ़ प्रभावित सभी लोगों को राहत सामग्री वितरण करने के लिए संकल्पित है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाढ़ प्रभावित जिलों के जिलाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों को तत्काल राहत सामग्री वितरण करने का निर्देश दिया है। बाढ़ प्रभावित लोगों को बाढ़ शरणालय, चिकित्सा सुविधा, पशुओं का इलाज, स्वच्छ पेयजल, साफ सफाई, ब्लीचिंग पाउडर एवं मैलाथियान का छिड़काव आदि कराने का निर्देश दिया गया है। मंत्री ने उपस्थित ग्रामीणों से अपील किया कि प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराए गए बाढ़ शरणालय में निवास करें। मंत्री ने वहां पर लोगों का हालचाल जाना तथा अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराएं। उन्होंने निर्देश दिया कि बाढ़ प्रभावित किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कठिनाई ना हो। जिलाधिकारी संजीव ने मंत्री को बताया कि उ0प्र0 सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा सभी व्यवस्थाएं की जा रही है। किसी भी प्रकार समस्या नही होने दी जायेगी। जिलाधिकारी ने बताया कि बाढ़ प्रभावित परिवारें को राहत सामग्री दी जा रही है। इस अवसर पर विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, जिलाध्यक्ष भाजपा गोविन्द माधव, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि उपेन्द्र सिंह, जिलाधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार तथा संबधित अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।




## उपजिलाधिकारी ने किया बाढ़ क्षेत्र का निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश
उसका बाजार/सिद्धार्थनगर। बाढ़ के पानी का तांडव से सबको हिलाकर रख दिया है विकास खण्ड उसका बाजार में दर्जनों के ऊपर गांव में बाढ़ का पानी दस्तक दे चुका है लगातार बारिश होने से कूड़ा नदी उफान पर है चौबाहे, अजिगरा, लाऊखाऊ, ताल नटवा, ताल बगहिया आदि गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया है गांव के चारो तरफ पानी ही पानी नजर आ रहा है किसी भी तरह से ग्रामीणों को निकलने की जगह नहीं लोग नाव के माध्यम से आते जाते है लोगो की फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई है वही बाढ़ से निपटने के लिए प्रशासन भी पूरी तरह से कमर कस ली है लगातार अधिकारी बाढ़ का निरीक्षण कर रहे है बाढ़ पीड़ितों से मिलकर उपजिलाधिकारी ने साहस बढ़ाया। उपजिलाधिकारी प्रदीप कुमार यादव ने कहा कि उसका ब्लॉक में कुछ गांव मैरुंड कर दिया गया है और नाव की व्यवस्था कर दिया गया है जिससे बाढ़ पीड़ितों को कोई समस्या उत्पन्न न हो वही फसल नुकसान पर भी कहे की जो भी फसल नुकसान हुआ उसको जल्द से जल्द मुवावजा भी दिया जायेगा साथ में लेखपाल अशोक कुमार गुप्ता भी रहे मौजूद।



## सांसद राज्यसभा बृजलाल ने की समीक्षा बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर। सांसद राज्यसभा बृजलाल की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में सांसद निधि योजना की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। सांसद राज्यसभा बृजलाल ने सांसद निधि से कराये जाने वाले कार्यो की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान सांसद राज्यसभा बृजलाला संबधित अधिकारीगण को स्कूल प्रबन्धक द्वारा भेजे गये स्टीमेट पर जे0ई0ए0ई0 द्वारा स्थल चिन्हित कर व्यय आगणन तैयार कराकर नया भवन निर्माण एवं सड़क निर्माण कराये। उक्त निधि से मरम्मत का कार्य नही कराया जायेगा। सांसद राज्यसभा बृजलाल ने निर्देश दिया कि समस्त कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराये। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त सांसद डुमरियागंज प्रतिनिधि एस0पी0अग्रवाल, पी0डी0 नागेन्द्र मोहन त्रिपाठी, अधिशासी अभियन्ता विद्युत सिद्धार्थनगर, एवं संबधित कार्यदायी संस्थाओ के अधिकारीगण उपस्थित थे।




## विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा ने किया बाढ़ क्षेत्र का निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर। 12 अक्टूबर 2022धविधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा एवं जिलाधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने तहसील क्षेत्र शोहरतगढ़ के बाढ़ प्रभावित गांव में पहुंचकर स्टीमर से बाढ़ पीड़ितों को बाहर निकालने का रेस्क्यू अभियान शुरू कराया गया। खजुरिया के पास राष्ट्रीय राजमार्ग एवं इटवा मार्ग का जायजा लिया। विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा एवं जिलाधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बाढ़ प्रभावित लोगों को हर तरह की मदद का आश्वासन दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि लोगों के जानमाल की सुरक्षा के लिए हर तरह का प्रयास किया जा रहा है। क्षेत्र में कई गांव बाढ़ से प्रभावित है तथा कुछ गांव मैरूण्ड हैं। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने कहा कि लोगों की सुरक्षा के लिए एनडीआरएफ, पीएसी व पुलिस जवान जगह–जगह लगे हैं। इटवा मार्ग पर ज्यादा पानी होने के कारण अवरुद्ध कर दिया गया है। प्रशासन नजर बनाए हुए है। विधायक विनय वर्मा ने नजरगढ़वा, रेक हट, गुलरगजवा, अकरहरा आदि गांव में स्टीमर से पहुंचकर बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात की और वहां से तमाम लोगों को स्ट्रीमर के माध्यम से सुरक्षित ढंग से बाहर लाया। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कहा कि गांव में फंसे लोगों के लिए प्रशासन पूरी तरह लगा हुआ है राहत सामग्री एवं लंच पैकेट उनके बीच पहुंचाई जा रही है। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ जय राम, उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ उत्कर्ष श्रीवास्तव, प्रभारी निरीक्षक ढेबरूआ हरिओम कुशवाहा, तहसीलदार राजेश सिंह, लेखपाल अनिरुद्ध चौधरी ओम प्रकाश आदि लोग मौजूद रहे।

## पूर्व मंत्री डॉ० सतीश द्विवेदी ने किया बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों का सघन से दौरा

दैनिक बुद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर। मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री डॉ सतीश द्विवेदी अपने विधानसभा क्षेत्र इटवा के तहसील डुमरियागंज एवं इटवा के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र ग्राम पिपरा कानूनगो, जूडीकुइयां, बेलवा, बिजौरा,बिशुनपुर, गागापुर, आजाद नगर, सफीपुर, परसोहिया तिवारी, सिंगारजोत, बौनाजोत, मनिकौरा, मछलीगांव आदि क्षेत्र का सघन दौरा किया। पूर्व मंत्री डॉ द्विवेदी ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार हर समय किसी भी आपदा से निपटने के लिए तैयार है। जिले में बाढ़ से जनधन एवं पशुधन को हुए नुकसान का आकलन करने के लिये सर्वे का काम शुरू कर दिया गया है। सिद्धार्थ नगर जनपद में कृषि एवं राजस्व विभाग की टीमें फसल को हुए नुकसान का आंकलन करने में जुटी हैं। शासन स्तर इसकी मॉनीटरिंग हो रही है। एसडीएम डुमरियागंज से बात कर के पिपरा कानूनगो में तत्काल स्ट्रीमर उपलब्ध कराने को कहे। वही तहसील परिसर से एक स्ट्रीमर जुडिकुईया गांव में उपलब्ध कराएं। साथ में भारतीय जनता पार्टी सिद्धार्थ नगर के द्वाय जिला मंत्री कृष्ण मिश्रा , अजय गुप्ता , जिला उपाध्यक्ष घनश्याम मिश्रा , किसान मोर्चा के जिला मंत्री रामेश्वर पांडे युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष पंडित गौरव मिश्रा , जिला उपाध्यक्ष विकास पांडे , सहित भाजपा कार्यकर्ता ।




## सम्पादकीय

**इन तीनों परिवारों की सरकारों ने कश्मीर को कभी पाकिस्तान के हवाले करने की बात नहीं की। मैं तो यहां तक कहता हूं कि कश्मीर की सभी पार्टियों और अलगाववादियों से भी भारत सरकार सीधी बात क्यों नहीं चलाए? अमित शाह ने यों भी उन्हें आश्वस्त किया है कि वे जम्मू–कश्मीर में शीघ्र...**

# अमित शाह और फारुक अब्दुल्ला

गृहमंत्री अमित शाह ने बारामूला में हजारों कश्मीरियों को साक्षात संबोधित किया और अपने भाषण में आंकड़ों का अंबार लगाकर मोदी–शासन की सफलता का बखान किया लेकिन उन्होंने अब्दुल्ला, मुफ्ती और नेहरु–परिवार के शासन को काफी निकम्मा सिद्ध करने की कोशिश की। यह बात तीनों परिवारों को काफी चुभ रही है। नेशनल कांफ्रेंस के नेता डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने तो तुरंत उसका जवाब देने की कोशिश की। महबूबा मुफ्ती और कांग्रेस भी चुप नहीं बैठेगी। शायद गुलाम नबी आजाद भी कुछ बोल पड़ें तो आश्चर्य नहीं होगा। अब्दुल्ला ने शाह की तरह न तो कोई आरोप लगाया है और न ही केंद्र की भाजपा सरकार पर कोई आक्रमण किया है। उन्होंने तो अपने बयान में सिर्फ यह बताया है कि उनकी पार्टी नेशनल कांफ्रेंस ने श्रीनगर में कुल 26 साल राज किया है और उन वर्षों में उसने कश्मीर का काया–पलट कर दिया है। उनकी सरकार ने न केवल नए–नए कल–कारखाने लगवाए, कई कॉलेज और विश्वविद्यालय बनवाए, अस्पताल खुलवाए, पंचायती राज स्थापित किया, बिजलीघरों और बांधों का निर्माण करवाया। लाखों लोगों को रोजगार दिया और लोक–कल्याण के लिए कई नए संगठन खड़े किए हैं। फारूक अब्दुल्ला ने जो तथ्य और आंकड़े पेश किए हैं,



उनकी प्रामाणिकता पर संदेह करने का कोई कारण नहीं है लेकिन यह भी तथ्य है कि कश्मीर को केंद्र सरकारों ने जितनी मदद दी है, उसमें से कुछ हिस्सा नेताओं और अफसरों की जेब में जाता रहा है लेकिन यह किस सरकार में नहीं होता? कश्मीरी नेताओं पर भ्रष्टाचार के मुकदमे चल रहे हैं तो देश के कई मुख्यमंत्री और मंत्री जेल की हवा भी खाते रहे हैं लेकिन अमित शाह अपने विरोधियों पर जमकर नहीं बरसें तो वे किसी पार्टी के नेता कैसे माने जाएंगे लेकिन अमित शाह और देश के अन्य सभी नेतागण यह भी सोचें कि अपने विरोधियों की सिर्फ भर्त्सना करना और वह भी तीखी भाषा में, क्या यह ठीक है? यदि अमित शाह उनकी भर्त्सना करते–करते यह भी, चाहे दबी जुबान से ही, कह देते कि कश्मीर–जैसी बीहड़ जगह में इन पार्टियों का कुछ न कुछ अच्छा योगदान रहा है तो अब जो दंगल शुरु हो रहा है, वह नहीं होता। इन तीनों परिवारों की सरकारों ने कश्मीर को कभी पाकिस्तान के हवाले करने की बात नहीं की। मैं तो यहां तक कहता हूं कि कश्मीर की सभी पार्टियों और अलगाववादियों से भी भारत सरकार सीधी बात क्यों नहीं चलाए? अमित शाह ने यों भी उन्हें आश्वस्त किया है कि वे जम्मू–कश्मीर में शीघ्र चुनाव करवाना चाहते हैं। वे यह भी न भूलें कि धारा 370 हटाते वक्त शाह ने संसद को आश्वस्त किया था कि जम्मू–कश्मीर विधानसभा को फिर से शीघ्र ही चालू किया जाएगा।

# नीति परिवर्तन की रणनीति

अमेरिका की नजर में असल चुनौती चीन है। अमेरिका की नई नीति के संकेत वहां आई अध्ययन रिपोर्ट से भी मिला है। उसमें सिफारिश की गई है कि अमेरिका को पाकिस्तान की मदद करनी चाहिए ताकि उसकी चीन पर निर्भरता ना बढ़े।

पाकिस्तान के प्रति अमेरिका की नीति बदल रही है। इस बात के कई संकेत हाल में मिले हैं। दरअसल, अब अमेरिका ने पाकिस्तान के साथ अपने संबंधों को लगभग भारत से अपने संबंधों के बराबर दर्जा दे दिया है। इस बात का संकेत हाल में अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस की टिप्पणी से मिला। अब यह सामने आया है कि ये बदलाव भारत को कोई संकेत देने के लिए या फौरी तौर पर उठाए जा रहे कदमों का हिस्सा नहीं है। बल्कि इसके पीछे एक रणनीति है। अमेरिका की नजर में असल चुनौती चीन है। अमेरिका की नई नीति के संकेत वहां विशेषज्ञों के एक दल की इससे संबंधित एक अध्ययन रिपोर्ट से भी मिला है। उसमें सिफारिश की गई है कि अमेरिका को पाकिस्तान की मदद करनी चाहिए ताकि उसकी चीन पर निर्भरता ना बढ़े। इस हफ्ते को पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा की वॉशिंगटन यात्रा से ठीक पहले यह अध्ययन जारी किया गया। एक हफ्ता पहले ही देश के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी अमेरिका के दौरे पर थे। ताजा अध्ययन रिपोर्ट को तैयार करने वालों में पाकिस्तान में अमेरिका के राजदूत रहे रयान क्रॉकर, कैमरन मंटर और रॉबिन राफेल शामिल थे। अपने अध्ययन में विशेषज्ञों ने सिफारिश की है कि दोनों मुल्कों को मतभेद भुलाकर साथ आना चाहिए। रिपोर्ट कहती है कि अमेरिका को पाकिस्तान में मदद का इस्तेमाल वहां की नीतियां बदलने की रणनीति के रूप में करने से बचना चाहिए, क्योंकि यह रणनीति विफल साबित हुई है। उधर पाकिस्तान को यह बात स्वीकार करने की सलाह दी गई है कि उसकी सारी समस्याएं, खासकर आतंकवाद और उग्रवाद अमेरिका के मत्थे नहीं मढ़ी जा सकतीं। इन विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि जैसे पहले अमेरिका पाकिस्तान को अफगानिस्तान या भारत के साथ रिश्तों के संदर्भ में देखता रहा है, वैसा ही अब चीन के मामले में ना करे और पाकिस्तान को चीन के नजरिये से ना देखे। इसके बजाय अमेरिका को चीनी कर्जों के संदर्भ में पाकिस्तान की मदद करनी चाहिए और अमेरिकी कंपनियों को भी वहां निवेश के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए, ताकि उसकी चीन पर निर्भरता कम हो सके।

# शिक्षा से जुड़े अहम सवाल

**फिलहाल नोएडा प्रकरण में यही नजर आ रहा है। शिक्षकों की कुंठा का कारण क्या है, और क्या उन्हें प्रशिक्षित करने में कहीं कोई कमी रह रही है, क्या निजी और सरकारी स्कूलों, धनी और गरीब तबके के बीच शिक्षा का जो अलग–अलग स्तर है, उससे समस्याएं बढ़ रही हैं, क्या देश में अब धार्मिक ढांचों से अधिक शैक्षणिक ढांचे खड़े किए जाने की जरूरत है, ताकि अधिक से अधिक बच्चों की शिक्षा तक ...**

दिल्ली से सटे नोएडा के एक स्कूल में 12 साल के बच्चे को उसके शिक्षक ने इस तरह पीटा कि उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि उस बच्चे ने अपना कार्य पूरा नहीं किया था और परीक्षा में उसके अंक कम आए थे, जिस पर उसे इतनी बुरी तरह सजा दी गई। बताया जा रहा है कि आरोपी शिक्षक के खिलाफ पहले भी बच्चों से मारपीट की शिकायतें आती रही हैं। फिर भी स्कूल प्रबंधन ने इस बारे में कोई कदम क्यों नहीं उठाया, यह विचारणीय है। पिछले महीने उत्तरप्रदेश के औरेया में भी एक दसवीं कक्षा के विद्यार्थी की इसी तरह पिटाई से मृत्यु हो गई थी। उस बच्चे को भी ठीक से पढ़ाई न करने पर पीटा गया था। कुछ वक्त पहले राजस्थान में एक सवर्ण शिक्षक ने दलित छात्र को मटके से पानी निकालने के कारण पीटा था, जिसमें बच्चे की मौत हो गई थी। ऐसी घटनाओं की एक लंबी सूची है, जिसमें बच्चे स्कूल में किसी न किसी तरह की प्रताड़ना का शिकार होते हैं। अंग्रेजी या हिंदी माध्यम, सरकारी या निजी विद्यालय, हर जगह हाल एक जैसा ही है। कहीं बच्चों को हिंदी में बात करने पर पीटा जाता है, कहीं उन्हें समय पर शुल्क न भरने के कारण दंडित किया जाता है, कभी वे जातिसूचक शब्दों से अपमानित किए जाते हैं, कभी वे आर्थिक भेदभाव का शिकार होते हैं। कुछ प्रकरण ऐसे भी हुए, जब बच्चे स्कूल में यौन प्रताड़ना या फिर अपने से बड़ी कक्षा के बच्चों की हिंसा का शिकार हुए हैं। भले ही ऐसी घटनाएं कम हुई हैं, लेकिन जितनी भी हुई हैं, वे भयावह हैं। अच्छे विद्यालय व्यक्ति के ही नहीं, देश के बेहतर भविष्य की नींव बन सकते हैं। मगर यह अफसोस की बात है कि शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषय पर देश में चर्चा का माहौल तभी बनता है, जब कोई दुखद घटना घटती है। घर के बाद विद्यालय ही बच्चों के व्यक्तित्व विकास का सबसे अहम जरिया होते हैं। लेकिन हम विद्यालयों को केवल पढ़ाई और अच्छे अंक लाने के संकुचित नजरिए से देखते हैं। जो बच्चा परीक्षा में अव्वल रहेगा, वह सबसे अच्छा छात्र होगा और जो कम अंक लाएगा, वह नाकारा होगा, यह दकियानूसी सोच बच्चों के लिए अब जानलेवा साबित होती जा रही है। बोर्ड परीक्षाओं के बाद आत्महत्या की घटनाएं बच्चों के बीच बढ़ जाती हैं। और उससे पहले कई साल वे केवल अच्छे अंक लाने के दबाव में जीते रहते हैं। पहली–दूसरी कक्षाओं की परीक्षा को भी जीने–मरने के सवाल की तरह अहम बना दिया जाता है। इसके बाद जैसे–जैसे बड़ी कक्षाओं में बच्चा पहुंचता है, उस पर हर विषय में अच्छे अंक लाने का दबाव बढ़ता जाता है, ताकि वह बोर्ड परीक्षा में आगे रहे और उसके बाद दूसरी प्रतियोगी परीक्षाओं में भी उसे सफलता मिल जाए। लेकिन ऐसा दबाव बनाने वाले मां–बाप और शिक्षक ये क्यों नहीं समझ पाते कि अगर कक्षा में 40 बच्चे हैं, तो सभी 40 बच्चे पहले स्थान पर नहीं रहेंगे। इनमें कोई पहले रहेगा और कोई आखिरी स्थान पर रहेगा। लेकिन महज अंकों के आधार पर पहले स्थान पर आने वाले बच्चे को अच्छा और आखिरी स्थान पर आने वाले बच्चे को खराब नहीं कहा जा सकता। इसी तरह व्यावसायिक शिक्षा के संस्थानों में बमुश्किल कुछ हजार सीटें होती हैं और हर साल लाखों विद्यार्थी उसके लिए परीक्षा देते हैं। जो विद्यार्थी अधिक अंक लाते हैं, उन्हें दाखिला मिल जाता है और बाकी विद्यार्थी असफल घोषित कर दिए जाते हैं। क्या जीवन में योग्यता या सफलता का पैमाना इतना संकुचित होना चाहिए। बच्चों के पास अपने भविष्य को संवारने के विकल्प इतने सीमित क्यों हैं। इस पर नीति निर्धारकों, शिक्षकों और अभिभावकों सभी को विचार करने की जरूरत है। शिक्षा एक सतत चलने वाली प्रक्रिया है और इस प्रक्रिया में समय–समय पर सुधार और बदलाव होना चाहिए, अन्यथा इसमें सड़न आ जाएगी। लेकिन हमारे देश में दिक्कत ये है कि शिक्षा की व्यवस्था भी राजनैतिक नजरिए से संचालित की जाती है। इसलिए शिक्षा नीतियां बदलने के बावजूद उनमें नयापन, ताजगी और बेहतरी नजर नहीं आते। और इससे कुंठा उपजती है, जो कभी विद्यार्थियों में और कभी शिक्षकों में नजर आती है। विद्यालय में बच्चों को शारीरिक दंड कानूनन गलत है। नयी शिक्षा नीति में भी कहा गया है कि स्कूलों को पढ़ाई के साथ छात्रों को शारीरिक, सामाजिक, भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक सुरक्षा देनी होगी। इसमें स्कूल प्रशासन को लापरवाही की 11 श्रेणियों में जवाबदेह बनाया गया है, जिनमें सुरक्षित बुनियादी ढांचे की स्थापना में लापरवाही, सुरक्षा उपायों से संबंधित लापरवाही, परिसर में उपलब्ध कराए जाने वाले भोजन और पानी के स्तर में लापरवाही, छात्रों को चिकित्सा सहायता प्रदान करने में देरी, एक छात्र द्वारा रिपोर्ट की गई शिकायत के खिलाफ कार्रवाई में लापरवाही, मानसिक–भावनात्मक उत्पीड़न, डराने–धमकाने को रोकने में लापरवाही, भेदभावपूर्ण कार्रवाई, स्कूल परिसर में मादक पदार्थों के सेवन, आपदा या अपराध के समय निष्क्रियता और कोविड–19 दिशानिर्देशों के सख्त कार्यान्वयन में लापरवाही शामिल हैं। इन श्रेणियों को ध्यान में रखते हुए विद्यालय काम करें, तो वाकई काफी हद तक बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावक निश्चिंत रहेंगे। लेकिन इन दिशानिर्देशों के बावजूद अगर स्कूलों में शिक्षकों की पिटाई से मौत की घटनाएं थम नहीं रही हैं, तो इसका मतलब हमारी जड़ों में कहीं खराबी है, जिसे दूर करने की जरूरत है। अमूमन शिक्षक अपनी कुंठा और गुस्से का शिकार मासूम बच्चों को बनाते हैं। फिलहाल नोएडा प्रकरण में यही नजर आ रहा है। शिक्षकों की कुंठा का कारण क्या है, और क्या उन्हें प्रशिक्षित करने में कहीं कोई कमी रह रही है, क्या निजी और सरकारी स्कूलों, धनी और गरीब तबके के बीच शिक्षा का जो अलग–अलग स्तर है, उससे समस्याएं बढ़ रही हैं, क्या देश में अब धार्मिक ढांचों से अधिक शैक्षणिक ढांचे खड़े किए जाने की जरूरत है, ताकि अधिक से अधिक बच्चों की शिक्षा तक आसान पहुंच हो, इन सब सवालों पर विचार किया जाना चाहिए।

# जिसका जलवा कायम था

**करीबियों के साथ ऐसी दोस्ती निभाई, जैसी किसी दूसरे नेता ने नहीं निभाई। आलोचकों को भी साथ रखा और विरोधियों के प्रति भी सद्भाव बनाए रखा। आठ बार विधायक और सात बार सांसद रहे। तीन बार मुख्यमंत्री और एक बार केंद्रीय मंत्री रहे। एक बार प्रधानमंत्री बनते बनते रह गए। छोटे से कद के मुलायम सिंह समाजवाद के सबसे चमकदार सितारों में से एक थे। उनके लिए नारा लगता था– जिसका जलवा...**

अजीत द्विवेदी

मुलायम सिंह यादव का जलवा था। 28 साल की उम्र में विधायक बनने से लेकर 82 साल की उम्र में सांसद रहते गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में दम तोडने तक मुलायम सिंह का जलवा रहा। उन्होंने खूब राजनीति की और कई बड़ी पार्टियों के खिलाफ जम कर लड़े लेकिन कोई पार्टी ऐसी नहीं है, जिसके नेता उनके प्रति सद्भाव न रखते हों। नरेंद्र मोदी से बहुत पहले उन्होंने कांग्रेस मुक्त भारत की शुरुआत की थी। देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश को कांग्रेस से मुक्त किया था मुलायम सिंह ने इसके बावजूद कांग्रेस के साथ उनका अपनापा कायम रहा। उन्होंने अयोध्या जा रहे कारसेवकों पर गोली चलवाई थी, जिसकी वजह से भाजपा उनको श्मुल्ला मुलायम्य कहती रही पर जब वे बीमार हुए तो रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उनको देखने अस्पताल में गए, जब निधन हुआ तो अमित शाह ने अस्पताल में जाकर उनको श्रद्धांजलि दी और खुद हिंदू हृदय सम्राट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आठ तस्वीरें साझा करके उनको लोकतंत्र का सिपाही बताते हुए बेहद भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उनके मुख्यमंत्री रहते उनकी सहयोगी बसपा नेता मायावती के ऊपर हमला हुआ, जिसे देश गेस्ट हाउस कांड के नाम से जानता है फिर भी पिछला लोकसभा चुनाव मायावती उनकी पार्टी के साथ मिल कर लड़ीं।

मुलायम सिंह ऐसे नेता था, जो जिसके साथ लड़े, जिसके साथ प्रतिद्वंद्विता की, जिसको हराया, जिसे समाप्त किया उसके साथ भी जीवनपर्यंत संबंध बना कर रखा। उनकी राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता और निजी संबंध बिल्कुल अलग रहे। इस लिहाज से कह सकते हैं कि वे तमाम विरोधाभासों को साधने वाले नेता रहे। मंडल की राजनीति के साथ वे आगे बढ़े लेकिन अगड़ी जातियों के साथ कोई बैर नहीं पाला। उनके नजदीकी नेताओं में अमर सिंह भी थे तो जनेश्वर मिश्र भी थे और कुंवर रेवती रमण सिंह भी थे। वे जीवन भर समाजवादी राजनीति करते रहे और साथ ही सैफई में पांच सितारा आयोजन भी होते रहे, जहां फिल्मी सितारों का जमघट लगता था। वे देश के सबसे पिछड़े सूबे के अंतिम आदमी की बात करते थे, उसके सशक्तिकरण के लिए काम करते थे और साथ ही अमिताभ बच्चन और अनिल अंबानी से दोस्ती भी निभाते थे। वे खांटी समाजवादी थे लेकिन अपने परिवार और विस्तारित परिवार के हर सदस्य को राजनीति में स्थापित किया। इस लिहाज से उनका जीवन खुली किताब की तरह रहा। जैसा निजी जीवन वैसा ही सार्वजनिक आचरण! अगर किसी दूसरे नेता के साथ उनकी तुलना करें तो सबसे नजदीकी तुलना चंद्रशेखर के साथ बनती है। संयोग भी है कि दोनों बरसों एक साथ राजनीति करते रहे। परिवारवाद को छोड़ दें तो चंद्रशेखर और मुलायम सिंह में बड़ी समानता दिखेगी।

मुलायम सिंह की राजनीति 1967 में शुरू हो गई थी, जब वे संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी की टिकट पर 28 साल की उम्र में इटावा की जसवंतनगर सीट से विधायक बने थे। लेकिन राजनीति परवान तब चढ़ी जब वीपी सिंह ने कांग्रेस के खिलाफ बिगुल बजाया और बोफोर्स के मुद्दे पर 1989 का चुनाव हुआ। उसी चुनाव में जीतने के बाद मुलायम सिंह पहली बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे। लेकिन उसके बाद हुई मंडल और कमंडल की राजनीति ने उनको सत्ता से बाहर कर दिया। एक तरफ जहां मंडल की राजनीति से बिहार में लालू प्रसाद की सत्ता मजबूत हुई, वहीं उत्तर प्रदेश में मुलायम की राजनीति कमजोर हुई। उन्हें 1993 में दोबारा सत्ता में आने के लिए कांशीराम से हाथ मिलाना पड़ा था। मंडल की राजनीति से निकले उत्तर भारत के पांच नेताओं– मुलायम सिंह, लालू प्रसाद, शरद यादव, रामविलास पासवान और नीतीश कुमार में सबसे मुश्किल राह मुलायम सिंह की ही रही। इसका कारण यह था कि उत्तर प्रदेश की जनसंख्या संरचना बिहार से भिन्न थी। बड़ी सवर्ण और दलित आबादी की वजह से मंडल की राजनीति का वैसा स्पेस नहीं था, जैसा बिहार में थे। इसके बावजूद 1989 से लेकर 2022 में निधन तक उत्तर प्रदेश की राजनीति मुलायम सिंह और उनकी बनाई समाजवादी पार्टी की धुरी पर घूमती रही। मुलायम सिंह की खांटी राजनीतिक समझ से ऐसा संभव हो सका।




समाजवाद उनको घुट्टी में मिला था और सांप्रदायिक राजनीति के विरोध को उन्होंने मुख्यमंत्री बनने के बाद साधा। पहली बार मुख्यमंत्री रहते उन्होंने कारसेवकों पर गोली चलवाई और अंत तक उसे सही ठहराते रहे। उस एक घटना ने उनको उत्तर प्रदेश की 20 फीसदी मुस्लिम आबादी का चहेता बना दिया। जिस समय बिहार में लालू प्रसाद पिछड़ों के मसीहा के तौर पर स्थापित हो रहे थे उसी समय मुलायम सिंह ने उत्तर प्रदेश में एमवाई यानी मुस्लिम और यादव का समीकरण बनाया और इसमें कांशीराम व मायावती के सहारे दलित को जोड़ कर 1993 में सत्ता में वापसी की। इस लिहाज से एमवाई समीकरण की राजनीति लालू से पहले उन्होंने की। इसके बाद पूरी उम्र वे समाजवादी राजनीति की छाया में जातियों का गणित साधते रहे। वे 2003 में तीसरी बार मुख्यमंत्री बने। अपने इस कार्यकाल में उन्होंने कई ऐसी योजनाएं शुरू कीं, जो बाद में अलग अलग रूपों में कई राज्यों में अपनाई गईं। उन्होंने पांच सौ रुपए का बेरोजगारी भत्ता शुरू किया और कन्या विद्या धन योजना की शुरुआत की थी।

वे लोहिया के अनुयायी थे। सरकारी कामकाज में हिंदी का समर्थन करते थे। महंगी अंग्रेजी शिक्षा के विरोध में रहते थे। कंप्यूटर का भी विरोध करते थे। पहलवान से शिक्षक और शिक्षक से नेता बने मुलायम सिंह धोती–कुर्ता पहनने वाले हिंदी पट्टी के खांटी नेता थे। उनको जो बात समझ में आती थी वह खुल कर बोलते थे। जीवन भर महिला आरक्षण का उन्होंने विरोध किया और बलात्कार के आरोपी लड़कों को नादान बता कर उनका बचाव किया। भाई शिवपाल यादव साये की तरह साथ रहे लेकिन राजनीतिक विरासत सौंपने का मौका आया तो नेताजी ने बेटे अखिलेश यादव को चुना। जीवन भर किसी न किसी तरह के विवादों में रहे। कई तरह के आरोप भी लगे। इसके बावजूद वे राजनीतिक रूप से प्रासंगिक बने रहे।



# पूर्व विधायक व पालिका अध्यक्ष के बेटे की मनाई गई 9वीं पुण्यतिथि

सीतापुर। राधेश्याम जायसवाल पूर्व विधायक एवं अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद के पुत्र स्वर्गीय शैलेंद्र जायसवाल बबुआ भैया की 9वीं पुण्यतिथि के शुभ अवसर पर उनके परिजनों द्वारा ईश्वर से उनके लिए प्रार्थना कर माल गोदाम, सीतापुर स्थित अपने कार्यालय (गद्दी) पर प्रसाद वितरित करके उनको याद किया गया। पूर्व विधायक के प्रतिनिधि व उनके ज्येष्ठ पुत्र सचिन जायसवाल पूर्व सदस्य क्षेत्र पंचायत, खैराबाद द्वारा अपने छोटे भाई शैलेंद्र जायसवाल की स्मृति में अपने कार्यस्थल पर माल गोदाम पर कार्य करने वाले गरीब मजदूरों को मिष्ठान वितरित करते हुए बताया गया कि आज उनके छोटे भाई स्वर्गीय शैलेंद्र जायसवाल की 10वीं पुण्यतिथि है। उनके भाई एक बहुमुखी प्रतिभा वाले व्यक्ति थे और उनकी अपने समस्त क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं और समर्थकों में एक अलग ही छवि थी, पहचान थी जो अब तक उनके दिलों में विराजमान हैं, और यह चीज उनको अपने पिता से विरासत में मिली थी। उनकी कार्यशैली बड़ी ही मिलन–सार, सरल स्वभाव एवं पारदर्शिता सोच वाली थी। जिस कारण जो भी उनसे एक बार मिल लेता था, उनके व्यक्तित्व का कायल हो जाता था। दुर्भाग्यवश हुई अचानक उनकी मृत्यु से कुछ समय पूर्व जब वर्ष 2012 में प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनी एवं उनके पिता राधेश्याम जायसवाल एक बार पुनः सदर विधानसभा से विधायक निर्वाचित हुए तो सीतापुर नगर सहित पूरी विधानसभा क्षेत्र में उनके पिता द्वारा जो भी विकास कार्य कराए गए थे। उन सभी कार्यों की कार्य योजनाओं को मूर्त रूप देने का श्रेय उन्हीं को जाता है। उक्त प्रसाद वितरण कार्यक्रम के अवसर पर प्रमुख रूप से प्रहलाद जायसवाल, रूपेंद्र कुमार पाल सदस्य, क्षेत्र पंचायत खैराबाद, अनुभव सक्सेना डालू, अमित सिन्हा, राजेश कुमार कश्यप, विष्णु कुमार गौतम सभासद खैराबाद सहित भारी संख्या में शैलेंद्र जायसवाल बऊवा भैया से प्रेम करने वाले उपस्थित थे।

# झमाझम बारिश के कहर से जनजीवन अस्त व्यस्त

## अत्यधिक जलभराव से धराशाई हो रहे कच्चे मकान

मिश्रिख (सीतापुर)। बीते एक सप्ताह से लगातार हो रही झमाझम बारिश के कहर से जहां जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। वहीं पक्के मकान तक टपकने लगे हैं। गांवों में अत्यधिक जलभराव होने के कारण कच्चे मकान गिरकर धराशाई हो रहे हैं। कच्चे मकान व झोपड़ी में रहने वाले लोग खुले आसमांन के नीचे रहने पर मजबूर हो रहे हैं। विकासखंड मिश्रित की ग्राम पंचायत दधनामाऊ में लगभग दो दर्जन तक परिवार घर से बेघर हो गए हैं।

ग्राम दधनामाऊ निवासी गुड्डू मौर्य, राजीव मौर्य, गुड्डू विश्वकर्मा, लाखन विश्वकर्मा, बबलू, ग्राम ख्वाजाडाबर निवासी रामचंद्र, श्रीचंद, देवकीनंदन, संजय, दिनेश सिंह, कल्लू गौतम, रामखेलावन, शंकर वर्मा, आसाराम चौधरी, रामबक्स, ग्राम मधुबना निवासी छोटे, ज्वाला प्रसाद, सुरेश, अनिल, ग्राम पोंहकरपुरवा निवासी दिनेश, रामनिवास, गोकरन, परशुराम, आदेश आदि गरीब लोग कच्चे मकान बनाकर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे थे। परन्तु बीते एक सप्ताह से लगातार हो रही इन पर कहर बन कर टूट पड़ी है। गांवों अत्यधिक जलभराव होने से सभी के कच्चे मकान गिरकर धरासाई हो गये हैं। लगभग दो दर्जन परिवार खुले आसमान के नीचे आ गए हैं। मकान गिर जाने की सूचना पर ग्राम प्रधान अतुल यादव मौके पर पहुंचे और सभी को अहेतुक सहायता उपलब्ध कराते हुए क्षेत्रीय लेखपाल व तहसील प्रशासन को घटना से अवगत कराया। परन्तु समांचार लिखे जाने तक कोई भी प्रशासनिक अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा है।

# मल्लावां में फर्जी अस्पतालों में गर्भपात व अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर होती है भ्रुण जांच

## डॉक्टरों की ठेके पर डिग्री लगाकर खोले गए फर्जी अस्पताल

हरदोई।कस्बे व देहात क्षेत्रों में इन दिनों क्लीनिक, नर्सिंग होम व अस्पतालों की भरमार आ गई है जबकि इन फर्जी नर्सिंग होम व अस्पतालों में आए दिन किसी न किसी की मौत हो जाती है जब कि इन फर्जी अस्पतालों में गर्भपात व अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर भ्रूण की जांच कर मोटा पैसा वसूला जाता है। स्वास्थ्य विभाग के कहीं न कहीं रहमों करम पर इन संचालकों के हौसले बुलंद हैं। आपको बता दें, क्षेत्र में जनता हॉस्पिटल,जियो हॉस्पिटल,पटेल सेवा हॉस्पिटल,छत्रपति शिवाजी हॉस्पिटल, तुलसी हॉस्पिटल ,रिद्धि– सिद्धि हॉस्पिटल,सूर्या हॉस्पिटल,भारत हॉस्पिटल,सिटी नर्सिंग होम समेत कई क्लीनिक व पैथोलॉजी व अल्ट्रासाउंड संचालित हैं। इन सभी फर्जी अस्पतालों व पैथोलॉजियों में कभी डॉक्टर आते हैं इन फर्जी अस्पतालों व पैथोलॉजियों का आलम यह है डाक्टरों की ठेके पर डिग्री लगाकर नर्सिंग होम व पैथोलॉजी के बोर्ड पर बड़ा–बड़ा नाम व डिग्री लिखकर अशिक्षित लोगों को गुमराह करतें हैं। जिसके बाद सामान्य रोग को गंभीर बताकर लाखों रुपए ऐंठ लेते हैं। आखिरकार इन फर्जी संचालकों पर कार्यवाही क्यों नहीं की जा रही है या फिर हर बार की तरह इस बार भी किसी की जान जाने के बाद जागेगा स्वास्थ्य विभाग । बगैर रजिस्ट्रेशन संचालकों को कई बार नोटिस दी जा चुकी है।शिकायत भी मिली है,जल्द ही कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# मानसिक विक्षिप्त युवती का रामगंगा नदी के सोता नाला में मिला शव

## 24 घंटे पूर्व घर से निकल कर खेतों की तरफ गई थी युवती, नाला में शव बरामद

हरदोई।अरवल थाना क्षेत्र के दहेलिया ग्राम पचायत मजरा जवाहरपुरवा गांव निवासी एक मानसिक विक्षिप्त युवती खाना खाने के बाद अपने घर से निकल कर खेतों की तरफ गई थी। उसके बाद परिजनों ने काफी खोजने का प्रयास किया लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका,वहीं युवती का रामगंगा नदी से निकले सोतानाला में शव बरामद हुआ है। अरवल थाना क्षेत्र केदहेलिया ग्राम पंचायत के मजरा जवाहरपुरवा गांव निवासी सुदामा 20 वर्ष पुत्री बेदराम दोपहर घर से खाना खाने के बाद वह खेतों की तरफ जाने की बात कहकर निकली थी लेकिन वह घर वापस नहीं आई तो परिजनों को चिंता हुई परिजनों ने काफी खोजने का प्रयास किया लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका .. युवती का रामगंगा नदी से निकले सोतानाला में गांव से 1 किलोमीटर दूर सब बरामद हुआ है घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवती के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृतक के पिता बेदराम ने बताया है। कि उसकी पुत्री का दिमाग का संतुलन ठीक नहीं रहता था वह घर से खाना खाने के बाद खेतों की तरफ गई थी काफी ढूंढने का प्रयास किया लेकिन कोई पता नहीं चल सका था। मृतक के परिवार में मां शकुंतला के अलावा दो भाई दो बहन है मृतक तीसरे नंबर की थी अरवल थाना अध्यक्ष छोटेलाल ने बताया है।कि पोस्टमार्टम के लिए युवती का शव भेजा गया है रिपोर्ट आने पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# पीडब्ल्यूडी ने सड़क पर पानी भरे गड्ढों में डाली गिट्टियां

बिसवां नगर (सीतापुर)। . दोपहर बाद जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के काफिले से बचाव के कारण ई रिक्शा पलटने की खबर का संज्ञान लेते ही अधिकारियों ने पीडब्ल्यूडी के पेंच कसे। जैसे ही डीएम का काफिला जहांगीराबाद चौराहे से गुजरा और रिक्शा पलटा उसी के एक घण्टे बाद विभाग के कर्मचारी देर शाम ही चौराहे पर आ धमके और एक जैनेरेटर लगाकर रोड पर प्रकाश की व्यवस्था की। रात्रि में ही ट्रकों से पत्थर की गिट्टियां और राबिश आ गयी। सुबह जैसे ही विभाग के कर्मचारियों ठेकेदारों द्वारा रोड पर पानी भरे गड्ढों में गिट्टियां डाली गयीं वैसे ही उनमें होकर निकलने वाले बड़े वाहन फंसने लगे जिससे रोड पर दोनों ओर जाम लग गया। जाम में घण्टों बड़े वाहन और बसें फंसी रहीं जिससे यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। काफी देर बाद छोटे वाहनों को मार्ग परिवर्तित कर कस्बे के अन्दर से निकाला गया। कई घण्टों बाद यातायात बहाल हुआ। जाम लगने से काफी देर तक दोनों ओर अफरा तफरी का माहौल रहा। वाहन चालकों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। चौराहे पर भारी भीड़ जमा रही। चौराहे पर पत्थर की बड़ी बड़ी गिट्टियां डाल दिये जाने से उनमें होकर पैदल वह बाइक चालकों को निकलने में भारी परेशानी हो रही है। अगर पूरी गिट्टियों पर राबिन न डाली गयी और बरसात न रुकी तो स्थिति और खराब हो जायेगी।

## पानी में उतराता मिला युवक का शव

पहला (सीतापुर)। थाना सदरपुर क्षेत्र के ग्राम अकबापुर के पूर्व सड़क के किनारे खंती में 20 वर्षीय युवक की लाश मिलने से गांव में सनसनी फैल गई और उसकी सूचना पुलिस को दी गई। परिजनों द्वारा शव का पोस्टमार्टम करने से इंकार करने के बाद पुलिस ने विधिक कार्यवाही कर शव परिजनों को सौंप दिया। मिली जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम अकबापुर निवासी दीपू पुत्र रामखेलावन 20 वर्ष को मानसिक रूप से बिक्षिप्त था और मिर्गी दौरा का रोगी था का शव गांव के पूर्व हुल्लादास बाबा को जाने वाली सड़क के किनारे गड्ढे में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों के पोस्टमार्टम करवाने से इंकार के बाद विधिक कार्यवाही कर शव परिजनों को सौंप दिया। जिसका परिजनों द्वारा अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# लुटेरी दुल्हन को साथियों के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार

फिरोजाबाद । जनपद की शिकोहाबाद थाना पुलिस ने एक ऐसे गेंग का खुलासा किया है जो शादी कराने के नाम पर लोगों से मोटी रकम ऐंठ लेता था.शादी भी करा दी जाती थी उसके बाद भी उसे दहेज उत्पीड़न और रेप के मुकदमे की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल किया जाता था.पुलिस ने इस गेंग के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है जिनमें दो महिलाएं और एक पुरूष शामिल है. महिलाओं में एक लुटेरी दुल्हन भी शामिल है. एसपी देहात कुँवर राण विजय सिंह ने इस गेंग का खुलासा किया.उन्होंने एक प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि तीन अक्टूबर को शिकोहाबाद थाना क्षेत्र के गांव दिखतौली निवासी कल्पना के गुम होने की शिकायत दर्ज करायी थी साथ ही आगरा के एक युवक पर पत्नी को ले जाने का संदेह भी जाहिर किया था. पुलिस ने जब आगरा के उस युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो मामला काफी रोचक निकला.जिस व्यक्ति के साथ कल्पना रह रही थी उसने आरती नाम का एक फर्जी आधार कार्ड बनवाकर आगरा के संजीव दीक्षित के साथ शादी की थी और उनसे एक लाख 65 हजार रुपये भी लिए थे.यही नही पुलिसिया जांच पड़ताल में कुछ और नाम भी सामने आए जो इस साजिश में शामिल थे और आगरा के संजीव से एक लाख रुपया और मांग रहे थे साथ ही उसे फंसाने की धमकी भी दे रहे थे.पुलिस ने लुटेरी दुल्हन कल्पना,उसके अन्य दो साथी संगीता और गोपाल पुत्र नाहर सिंह निवासी शेरपुर भूड़ा थाना नारखी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है.पुलिस के मुताबिक यह आरोपी ऐसे ही लोगों को शादी का झांसा देकर फंसा लेते है और उसका आर्थिक शोषण भी करते है.पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश में है कि आखिर इस गैंग ने कितने लोगों को अपना शिकार बनाया है

## गर्रा नदी के लगातार बढ़ रहे जलस्तर से तटवर्ती इलाके के लोग सहमे

हरदोई। गर्रा नदी के लगातार बढ़ रहे जलस्तर से तटवर्ती इलाके के लोग सहम गए हैं।कहार कोला गांव में कटान भी शुरू हो गया है बाढ़ की चपेट में आकर एक पक्का मकान पूरी तरह से जमीदोज हो चुका है। पाली क्षेत्र से होकर गुजरी गर्रा नदी ने पिछले वर्ष तटवर्ती इलाके में भीषण तांडव मचाया था उस विभीषिका को याद कर आज भी लोग खौफ जदा हैं गांव का संपर्क चारों ओर से कट गया था पूरा गांव टापू बन गया था कई मकान नदी में समा गए थे।हजारों बीघा फसल नदी में डूब कर पूरी तरह से बर्बाद हो गई थी। इस बार भी गर्रा नदी फिर उफान पर है जिससे लोग सहमे हुए हैं।. रात को कहार कोला गांव निवासी द्रगपाल का मकान नदी में समा गया जबकि उसके भाई बबलू कटान पर है लोगों का कहना है कि ऐसे ही नदी का जलस्तर बढ़ता रहा तो इस बार पिछले वर्ष की अपेक्षा ज्यादा बर्बादी का मंजर देखने को मिलेगा।

## बाढ़ की स्थिति भयावह, भूंख प्यास से ब्याकुल हो रहे नौनिहाल

रेउसा (सीतापुर)। ... बाढ़ की स्थिति यथावत देखी गई। बाढ़ को लेकर चारों तरफ पीड़ा दायक अफरा तफरी बनी रही। ग्रामीण अपने घर गृहस्थी के सामान को बचाने की जुगत में लगे रहे। वहीं नौनिहालों को भूखा प्यासा देखकर तड़प रहें है। ग्रामीण कहीं नाव से तो कहीं गहरे पानी में जान जोखिम में डालकर बाढ़ राहत चौकी पर पहुंच रहे हैं। जहाँ उन्हें तिरपाल, लंच पैकेट व अन्य जरूरी सामान मुहैया हो रहा है। तहसीलदार बिसवां अविचल प्रताप सिंह ने बताया कि जलस्तर में कमी आयी है। बाढ़ के पानी से सुरक्षित बाहर लाये गए छप्पन लोगों को तिरपाल व अन्य जरूरी सामान उपलब्ध कराया गया है। साथ ही . बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बारह हजार लंच पैकेट वितरित कराये गए हैं। क्षेत्रीय विधायक ज्ञान तिवारी ने बाढ़ राहत चौकी मारूबेहड़ पहुंच कर बाढ़ पीड़ितों को आवश्यक सामग्री युक्त राहत किट का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावितों की मदद के लिए शासन प्रशासन से लेकर वह स्वयं अपने स्तर से हर सम्भव प्रयासरत हैं।

## कलियुगी बेटी ने पिता को डंडों से पीटकर किया लहूलुहान

फिरोजाबाद । एक कलियुगी बेटी ने अपने ही पिता को जमकर डंडो से पीटा. पिता को सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है.बताया यह जा रहा है कि शादीशुदा बेटी बीते चार माह से अपने पिता के घर रह रही थी और पिता उस पर ससुराल जाने के लिए दबाब डाल रहा था.पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने घायल का डॉक्टरी परीक्षण कराया है मामला शिकोहाबाद थाना क्षेत्र के गांव कन्थरी का है.इसी गांव के रहने वाले राम किशन पुत्र दौजी राम की बेटी आरती की ससुराल एटा जनपद के गांव रिजोर गांव में है.बेटी का अपने ससुरालीजनों से मनमुटाव चल रहा है जबकि पिता बेटी को समझ बुझाने के साथ ही उस पर ससुराल जाने का दबाव भी डाल रहा था... राम किशन ने जब अपनी बेटी से ससुराल जाने को कहा तो आरती उग्र हो गयी. उसने डंडे से अपने पिता पर कई बार किये जिससे राम किशन को गंभीर चोटें आयीं है.राम किशन ने कोतवाली शिकोहाबाद में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगायी है. पुलिस ने राम किशन का शिकोहाबाद के संयुक्त अस्पताल में डॉक्टरी परीक्षण कराया है. थाना प्रभारी शिकोहाबाद प्रदीप कुमार का कहना है कि राम किशन की तहरीर पर आरती के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है

## पौधरोपण कर हुआ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

प्रतापगढ़। मान्धाता ब्लॉक के पूरेखरगराय गांव में पं. लालता प्रसाद तिवारी के यहां आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के दौरान पौधरोपण से हुआ।कथावाचक राहुल पांडेय परासार महराज के द्वारा विधिवत पूजन–अर्चन के बाद समुदाय की सहभागिता के साथ कलश यात्रा श्रद्धा एवं भक्ति के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती महामाया धाम पहुंची।महामाया धाम परिसर में जाने–माने पर्यावरणविद् एवं पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी के नेतृत्व में मुख्य यजमान लालता प्रसाद तिवारी की उपस्थिति में निशान के रूप में नीम और गोल्ड मुहर पौधे का रोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया गया।इस मौके पर पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी ने कहा कि प्रकृति पूजा सनातन धर्म के मूल में है।प्रकृति और पर्यावरण का संरक्षण हमारा मुख्य ध्येय होना चाहिए।उन्होंने कहा कि समय के साथ चलना और बदलना ठीक है किन्तु अपने स्वार्थ के लिए जलवायु को बदलना धरती पर जीवन के लिए खतरा है। कथावाचक राहुल पांडेय परासार जी महराज ने सभी को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अपना आशीर्वाद प्रदान किया। ज्योतिष,वास्तु एवं कर्मकांड विशेषज्ञ आचार्य अभिनेष तिवारी ने सभी भक्तजनों का स्वागत करते हुए प्रकृति पूजा एवं पर्यावरण संरक्षण करते हुए सनातन धर्म की रक्षा का आह्वाहन किया। इस मौके पर राकेश तिवारी,हरिकेश तिवारी,सुरेश तिवारी,रमेश तिवारी,पूर्व प्रधान दिनेश सिंह,हरिमंगल सिंह,अरुण सिंह,श्रवण कुमार तिवारी एवं रवीन्द्र कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

## गड्ढों को भरने का कार्य तेजी से कराएं और चौराहों पर जेब्रा क्रासिंग बनवाएं: जिलाधिकारी

हरदोई। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में यातायात व्यवस्था के सुचारू संचालन व सड़क सुरक्षा को लेकर बैठक हुई। उन्होंने निर्देश दिए कि गड्ढों को भरने का कार्य तेजी से किया जाए और चौराहों पर जेब्रा क्रासिंग बनाई जाए। सिनेमा चौराहे पर डिवाइडर से पहले बोर्ड लगायवाये तथा डिवाइडर लाइन को पेंट कराये और नगर के प्रवेश मार्ग व प्रमुख चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट डॉ सदानन्द गुप्ता, एआरटीओ दयाशंकर, अधिशासी अधिकारी रविशंकर, सीओ विनोद कुमार द्विवेदी, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार तथा यातायात निरीक्षक अनिल कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## कच्ची दीवार गिरने से वृद्ध की मौत

सिधौली (सीतापुर)। पिछले कुछ दिनों से हो रही लगातार बारिश से सिधौली के ग्राम जतौरा मे एक घर भरभरा कर एकाएक गिर गया। जिसमें ग्राम जतौरा निवासी हीरालाल पुत्र कालिका उम्र 65 वर्ष की दीवार के नीचे दबकर मौत हो गयी। बताते चलें कि लगातार बारिश से जिले में जगह जगह घटनाएं देखने को मिल रही है। जानकारी के अनुसार सुबह हीरालाल अपने घर के बाहर स्थित कच्ची कोठरी में बैठे चाय पी रहे थे और उनके परिवार के तीन पुत्रियां व पत्नी लोग घर के भीतर बैठे हुए थे। इसी दौरान अचानक सुबह जब बारिश शुरू हुई। अचानक कोठरी की कच्ची दीवार भरभरा कर हीरालाल के ऊपर गिर गई। जिसे हीरालाल दीवार के नीचे दब गये। परिजनों व ग्रामीणों द्वारा उन्हें मिट्टी के नीचे से निकाला गया। जिसे सीएचसी सिधौली में भर्ती करवाया गया। जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया था। बताते हैं कि जिला अस्पताल में इलाज के दौरान हीरालाल की मौत हो गई। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।

# नाला भरने से लोगों के घरों में भरा पानी जनजीवन अस्त व्यस्त

पट्टी – प्रतापगढ़। पट्टी कस्बे के मध्य से होकर गुजरने वाले नाले की सफाई नहीं होने के कारण लोगों के घरों तक पानी पहुंच गया जिससे उनका निकास अवरुद्ध हो गया। लोग गंदे पानी से होकर गुजरने को मजबूर है।जिससे गंभीर बीमारी होने की आशंका उत्पन्न हो गई है। बरसात बंद होने के 24 घंटे बाद भी पानी जमा हुआ है पट्टी कस्बे के मध्य से मेला ग्राउंड से होकर गुजरने वाले नाले की सफाई नहीं होने एवं उस पर अवैध कब्जा होने के कारण जल निकासी लगभग अवरुद्ध है। इसी से नाले से दर्जनों गांव सहित कस्बे का पानी निकलता है, जिस पर कुछ लोग अवैध कब्जा कर लिये हैं। इस समय ब्लाक कालोनी सहित नाले के किनारे रहने वाले लोगों को घरों के चारों तरफ पानी जमा है जहां पर तहसील कर्मियों के साथ ही पुलिस व ब्लॉक में कार्य करने वाले लोग रहते हैं। ब्लाक कालोनी के निवासी राम प्रसाद सोनी का तो घर से निकलना दूभर हो गया है।स्थानीय निवासी सिद्धेश शुक्ला संतोष कुमार विजय कुमार सहित दर्जनों लोगों ने बताया कि विगत 3 वर्षों से हल्की बरसात होने पर भी नाला उफान पर आ जाता है और लोगों के घर में पानी भर जाता है ।टाउन एरिया के अधिशासी अधिकारी से पूछने पर उन्होंने बताया कि शीघ्र ही कार्यवाही की जाएगी नगर पंचायत के संबंधित कर्मचारियों से पूछने पर जानकारी हुई कि नाले के ऊपर मेन रोड पर छत डाल कर ट्रांसफार्मर रखा हुआ है जिससे उसके नीचे नाले की सफाई करना संभव नहीं है क्योंकि किसी भी समय पानी में करंट उतर सकता है।स्थानीय लोगों ने नाले की सफाई कराकर जल निकासी बहाल करने की मांग की है।

## अनियंत्रित कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों की मौत

फिरोजाबाद । एक अनियंत्रित कार ने बाइक को टक्कर मार दी. हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी. पुलिस ने मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है.मृतक आपस मे दोस्त है जो किसी काम के लिए घर से निकले थे. हादसे से मृतकों के परिवार में कोहराम मचा हुआ है घटना फिरोजाबाद जनपद के शिकोहाबाद थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव असूआ के निकट हुयी.गांव कटोरा बुजुर्ग निवासी 35 बर्षीय अमित उर्फ रिंकू पुत्र करन सिंह अपने दोस्त 52 बर्षीय सुभाष पुत्र लाखन सिंह के साथ बाइक से भैस खरीदने के लिए निकले थे.दोपहर तक भैंस नहीं मिली तो दोनों लोग शिकोहाबाद से नौशेहरा हाईवे किनारे स्थित पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाने जा रहे थे तभी पीछे से तेज गति से आ रही कार ने बाइक को टक्कर मार दी, टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार दोनों युवक उछल कर हाईवे पर गिर पड़े और दोनों के गंभीर चोटें आईं. उधर हादसे के बाद कार डिबाइडर पर चढ़ गई. जिसके बाद चालक और कार सवार लोग कार छोड़ कर भाग गए. हादसा के बाद काफी देर तक दोनों सड़क पर पड़े रहे. घटना स्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई. थाना पुलिस दोनों को लेकर शिकोहाबाद अस्पताल आई जहां इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर ने परीक्षण के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया.पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए फिरोजाबाद जिला अस्पताल भेज दिया है.उधर हादसे की जानकारी होते ही अमित और सुभाष के परिवार में कोहराम मचा हुआ है.इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक शिकोहाबाद प्रदीप कुमार ने बताया हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है.कार स्वामी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जायेगी

## थाना कुर्सी पुलिस टीम द्वारा एक वंचित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी। थाना कुर्सी पुलिस टीम द्वारा पॉक्सो एक्ट से संबंधित एक वंचित अभियुक्त विजय पुत्र गोपी निवासी ग्राम ताड़ चकिया थाना कुर्सी बाराबंकी को आज दिनांक 12.10 .2022 को गिरफ्तार किया गया।

# पति ने की परिवार न्यायालय में जहर खाकर जान देने की कोशिश

देवरिया। पत्नी से विवाद के मुकदमे की तारीख पर आए पति शाह आलम ने सुबह परिवार न्यायालय में जहर खाकर जान देने की कोशिश की। जहर खाने से अचेत होकर गिरे शाह आलम को अधिवक्ताओं के सहयोग से पुलिस ने जिला अस्पताल भिजवाया, जहां हालत नाजुक देखकर डाक्टरों ने मेडिकल कॉलेज गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक, गोरखपुर जनपद के चिलुआताल थाना क्षेत्र के मानबेला निवासी शाह आलम (40) पुत्र मोहम्मद जकी की शादी रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के मोहन मुंडेरा गांव निवासी नासरीन पुत्री स्व. हफीज से वर्ष 2009 में हुई थी। शादी के करीब चार साल बाद दोनों के रिश्ते में दरार पैदा हो गई। इसके कारण 2013 से पति और पत्नी अलग– अलग रहने लगे थे। मामला परिवार न्यायालय में चल रहा था। मुकदमे की तारीख थी, जिसके कारण शाह आलम परिवार न्यायालय में आया था। जहां चुपके से उसने जहर खा लिया। कुछ समय बाद बैठने के दौरान वह अचेत हो गया। बगल में मौजूद पिता की नजर पुत्र पर गई तो वह अवाक रह गए। वह आसपास के लोगों के सहयोग से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने हालत नाजुक देख मेडिकल कालेज गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया। सीओ श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## मुकदमे की तारीख पर आए पति ने न्यायालय में खाया जहर, हालत नाजुक

देवरिया। देवरिया जिले के मुकदमे की तारिख पर आए एक पति ने सुबह परिवार न्यायालय में जहर खाकर जान देने की कोशिश की। जहर खाने से अचेत होकर गिरे व्यक्ति अधिवक्ताओं के सहयोग से पुलिस ने जिला अस्पताल भिजवाया, जहां हालत नाजुक डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया। गोरखपुर जनपद के चिलुआताल थाना क्षेत्र के मानवेला निवासी शाह आलम (40) पुत्र मोहम्मद जकी की शादी रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के मोहन मुंडेरा गांव निवासी नासरीन पुत्र स्व. हफीज से 2009 में हुई थी। शादी करीब चार साल बाद दोनों के रिश्ते में दरार पैदा हो गई। इसके कारण 2013 से पति और पत्नी अलग– अलग रहने लगे थे। मामला परिवार न्यायालय में चल रहा था। मुकदमे की तारीख थी, जिसके कारण शाह आलम परिवार न्यायालय में आया था। जहां चुपके से उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ समय बाद बैठने के दौरान अचेत हो गया। बगल में मौजूद पिता की नजर पुत्र पर गई तो वह अवाक रह गए। उन्होंने आसपास के लोगों के सहयोग से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने हालत नाजुक देख मेडिकल कॉलेज गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया। सीओ श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि परिवार न्यायालय में एक व्यक्ति मुकदमे की तारीख पर आया था, जहां उसने जहर खा लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

## सिद्धि और जय योग में मनाया जाएगा करवा चौथ व्रत

महराजगंज। करवा चौथ का त्योहार हर साल कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है। मां पीतांबरा जनकल्याण ज्योतिष केंद्र के ज्योतिषी आचार्य दिवाकर मणि त्रिपाठी ने बताया कि हृषीकेश पंचांग के अनुसार इस बार करवा चौथ का व्रत 13 अक्तूबर को मनाया जाएगा। करवा चौथ का दिन और संकष्टी गणेश चतुर्थी, जो कि भगवान गणेश के लिए उपवास करने का दिन होता है, एक ही दिन आता है। इस दिन विवाहित महिलाएं अपने पति की दीर्घायु की कामना करती हैं। विवाहित महिलाएं भगवान शिव, माता पार्वती और कार्तिकेय के साथ–साथ भगवान गणेश की पूजा करती हैं। करवा चौथ का व्रत कठिन होता है और इसे अन्न और जल ग्रहण किए बिना ही सूर्योदय से रात में चंद्रमा के दर्शन तक किया जाता है। इस बार करवा चौथ का व्रत 13 अक्तूबर को मनाया जाएगा। करवा चौथ के दिन पूजा की थाली का भी बहुत महत्व माना जाता है। एक थाली में पूजा की सामग्री रखकर एक दीपक जला कर चंद्रमा को दिखाया जाता है और शिव परिवार का विधिपूर्वक पूजन किया जाता है।

## डिलीवरी सर्विस सेंटर के प्रबंधक एवं कर्मियों ने मिलकर की थी चोरी, गिरफ्तार

नौतनवां। कस्बे में राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास पर राजेन्द्र नगर वार्ड में रविवार रात एक कंपनी की डिलीवरी सर्विस सेंटर के शटर का ताला तोड़कर हुई थी। चोरी के मामले का खुलासा पुलिस ने कर दिया है। सभी चारों आरोपी डिलीवरी सर्विस सेंटर के प्रबंधक एवं कर्मचारी ही निकले। पुलिस ने चोरी के सामान एवं नकदी बरामद की। नौतनवां कस्बा के राजेन्द्र नगर वार्ड में बाईपास पर राजीव गांधी पीजी कालेज के सामने दो कंपनियों की आनलाइन एजेंसी है, जहां से सामान की डिलीवरी की जाती है। रविवार रात एक एजेंसी के शटर का ताला काटकर मोबाइल, लैपटॉप, नकदी समेत अन्य सामान चोरी हुआ था। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने नौतनवां सर्किल पुलिस के साथ एसओजी, स्वाट टीम, सर्विलांस टीम को लगा दिया। पुलिस ने गहनता से जांच पड़ताल की तो मामले का पर्दाफाश हो गया। सीओ अनुज कुमार सिंह ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग बोरी में सामान लेकर बैरियहवा मार्ग पर गैस गोदाम के पास मौजूद हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर मौके पर देखा की चार लोग बोरा आदि लेकर बैठे हैं। पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर तलाशी ली तो उनके कब्जे से एक बोरे में 74 मोबाइल डब्बा सहित, दो लैपटॉप डब्बा सहित, दो इयर बडस डब्बा सहित, एक शहद डब्बा सहित, एक बंडल डिजिटल लॉकर तथा एक सीसी टीवी कैमरा जिनकी कीमत बीस लाख उन्नीस हजार पांच सौ पैंतालीस रुपए है। इसके अलावा दस लाख सत्ताइस हजार चार सौ चालीस रुपए नकद भारतीय, 3808 भारतीय सिक्के तथा तीस हजार पचहत्तर रुपए नेपाली रुपए बरामद हुआ। आरोपी प्रबंधक प्रिंस तथा कर्मचारी सतीश विश्वकर्मा, दिलीप यादव तथा कार्तिक जायसवाल को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया।

## नौ लाख नकली नेपाली मुद्रा बरामद

सोनौली। नेपाल के बारा जिले की पुलिस ने नौ लाख की नकली नेपाली मुद्रा के साथ एक भारतीय सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। नेपाल के बारा जिले के पुलिस अधीक्षक होविंद्र बोगती ने बताया कि जिन लोगों को नकली मुद्रा के साथ गिरफ्तार किया गया है, उनमें पिपराकोठी, मोतिहारी पूर्वी चंपारण बिहार का रंजीत कुमार मुखिया, कलैया उप–महानगर के वार्ड नंबर 15 का सैनुल्ला अंसारी और सिमरौनगढ़ नगर पालिका के वार्ड नंबर दो का बिनाका मुखिया शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सिमरौनगढ़ नगर पालिका 5 कनकपुर से नेपाल में प्रवेश करते समय रंजीत को गिरफ्तार किया गया था। यह एक ऐसा गिरोह है, जो लंबे समय से विभिन्न माध्यमों से नकली नेपाली मुद्रा नेपाल लाता है। मुकदमा दर्ज कर पूछताछ की जा रही है।

# सरयू समेत सभी नदियां उफान पर, लोगों की धड़कन बढ़ी

बरहज। सरयू नदी उफान पर है। नदी इस वर्ष के उच्चतम सीमा 67.90 मीटर पार कर पांच सेमी ऊपर बह रही है। नदी के जलस्तर में हो रही निरंतर वृद्धि के कारण तटवर्ती गांवों के लोग सहमे हुए हैं।

सरयू में आई बाढ़ से राप्ती भी उफान पर है। सरयू में उमड़ रहे सैलाब से नदी का पानी नगर के कुछ वार्डों सहित देहात क्षेत्र के रिहायशी इलाकों तक पहुंच गया है। अधिकारी नदी के 20 सेमी और बढ़त बनाने की आशंका जता रहे हैं।

पिछले एक सप्ताह से रुक–रुककर हो रही बारिश से जलस्तर में तेजी से बढ़ा है। थाना घाट पर बनाए गए मीटर गेज पर नदी खतरे के निशान 66.50 से 1.45 मीटर ऊपर बह रही है। नदी का पानी खेतों आदि के रास्ते बेलडॉड़, कटइलवा, नौका टोला में सागौन के बगीचे, मठियां, कपरवार–रुद्रपुर मार्ग पर बिनोवापुरी गांव तक पहुंच गया है।

नगर के जहाज घाट, पटेल नगर दक्षिणी, पश्चिमी, रविदास मंदिर, पुराना बरहज, आजाद नगर दक्षिणी, गौरा सहित कुछ वार्ड बाढ़ के पानी की जद में आ गए हैं। बाढ़ का पानी नाली–नालों के रास्ते मास्टर लियाकत, सुभाष निषाद, गोलू तिवारी, रामविलास, संतोष राजभर, सोहन, कैलाश आदि के घरों में पहुंच गया है।

वहीं परसियां–विशुनपुर देवार के दो दर्जन टोले बाढ़ से घिरे हुए हैं, जबकि भदिला प्रथम और गोरखपुर जनपद का कोलखास गांव टापू बना हुआ है। नदी के जलस्तर में निरंतर वृद्धि से लोगों की दुश्वारियां बढ़ गई हैं।

13 बाढ़ चौकियों को किया गया अलर्टः बरहज। सरयू में उफान से नदी खतरे के निशान से 1.45 मीटर ऊपर प्रवाहित हो रही है। नदी के उग्र तेवर को देख प्रशासन सक्रिय है। एसडीएम गजेंद्र सिंह ने बताया कि 13 बाढ़ चौकियों पर कर्मचारियों की तैनाती कर चौकसी बढ़ा दी गई है। जबकि तहसीलदार अश्वनी कुमार और नायब तहसीलदार जितेंद्र सिंह को निगरानी आदि की जिम्मेदारी दी गई है। बाढ़ के पानी से घिरे लोगों के आवागमन के लिए परसियां–विशुनपुर देवार में 13, भदिला प्रथम में चार और देवरहा बाबा आश्रम के निकट दो नावें लगाई गई हैं।

अधिकारियों ने बंधों का किया निरीक्षण, जाना हालः बरहज। बाढ़ खंड विभाग के सहायक अभियंता अशोक द्विवेदी ने जेई नागेंद्र सिंह सहित अन्य सहयोगियों के साथ . बंधों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने कटइलवा–कपरवार संगम तट तक बने नवीन बांध, महेन, मोहरा आदि जगहों पर बने बंधों की स्थिति का जायजा लिया। सहायक अभियंता ने बताया कि नेपाल और उत्तराखंड के सात लाख क्यूसेक पानी को लखीमपुर बैराज के रास्ते छोड़ा गया है। जिससे नदी के जलस्तर में बढ़त दर्ज की गई है। नदी के अभी और बढ़ने की संभावना है। फिलहाल हालत सामान्य है।

# उच्च जोखिम वाले 34 गांवों में संबंधित विभागों का विशेष जोर

महराजगंज। विशेष संचारी रोग नियंत्रण माह तथा दस्तक पखवाड़े के तहत शहर से लेकर गांव तक साफ सफाई कराई जा रही है। जन समुदाय को जागरूक किया जा रहा है। जिले के उच्च जोखिम वाले 34 गांवों में अंतर्विभागीय समन्वय से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। दस्तक पखवाड़े में बुखार, खांसी, टीबी के लक्षण वाले व्यक्तियों के साथ कुपोषित बच्चों को भी सूचीबद्ध किया जा रहा है।

एसीएमओ डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि जिले में बारह विभागों के आपसी समन्वय से विशेष संचारी रोग नियंत्रण माह और दस्तक पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके तहत जहां लोगों को साफ सफाई के प्रति प्रेरित किया जा रहा है, वहीं विभिन्न बीमारियों से बचने के लिए लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। उच्च जोखिम वाले गांवों में विशेष तौर पर झाड़ियों और नालियों की साफ–सफाई, फागिंग, एंटी लार्वा छिड़काव, टीकाकरण, क्लोरीनेशन, सुअरबाड़े वाले गांवों में संवेदीकरण, उथले हैंड पंप पर लाल निशान लगाना, इंडिया मार्का हैंडपंप का पानी पीने के लिए प्रेरित करना, शौचालय का प्रयोग करने तथा घर के आसपास गंदगी या जलभराव न होने देने के लिए जन समुदाय को जागरूक किया जा रहा है।

एसीएमओ ने बताया कि पिछले तीन वर्षों में जिस गांव में जापानी इंसेफलाटिस (जेई) या एक्यूट इंसेफलाटिस सिंड्रोम ( एईएस) के मरीज मिले हैं अथवा जेई एईएस से किसी की मृत्यु हुई है तो उस गांव को उच्च जोखिम गांव की श्रेणी में रखा जाता है। जिले में उच्च जोखिम वाले गांवों की कुल संख्या 34 है।

21 अक्तूबर तक चलेगा दस्तक

एसीएमओ ने बताया कि 21 अक्तूबर तक चलने वाले दस्तक पखवाड़े में आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर–घर जाकर बुखार के रोगियों के साथ साथ मलेरिया, चिकनगुनिया या डेंगू तथा क्षय रोग लक्षण वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर जांच व उपचार के लिए अस्पताल भिजवाएंगी। कुपोषित बच्चों को भी चिन्हित किया जा रहा है। ग्राम सभा की बैठक मातृ समिति की बैठक तथा छाया वीएचएसएनडी सत्र आयोजित कर जन समुदाय को जागरूक किया जा रहा है।

# बाजार पर चढ़ा करवा चौथ का रंग, लहंगा की मुरीद हुई सुहागिनें

महराजगंज। बाजार पर करवाचौथ का रंग चढ़ गया है। 13 अक्तूबर को करवा चौथ पारंपरिक रीति रिवाज के साथ सिद्धि योग में मनाया जाएगा। कपड़ा बाजार से लेकर साज–शृंगार के कारोबारी इन दिनों बेहतर व्यापार की उम्मीद लगा रहे हैं। वहीं, सुहागिनें इस त्योहार पर मनपसंद कढ़ाईदार साड़ी के साथ–साथ लहंगा–लांचा खूब पसंद कर रही हैं।

करवाचौथ पर शृंगार का विशेष महत्व है। इस त्योहार के मद्देनजर बाजार में साड़ियों की काफी रेंज मंगवाई गई हैं। सात सौ रुपये से लेकर तीन हजार रुपये तक की साड़ियां विक्री के लिए दुकानों पर उपलब्ध हैं। बाजार से सामग्री की खरीदारी भी शुरू कर दी गई है। तरह–तरह की चूड़ियां, कपड़े, शृंगार एवं पूजा के सामान से बाजार सज गए हैं। करवाचौथ को खास बनाने में महिलाएं जुट गई हैं। बाजार भी इन दिनों दुल्हन की तरह सज गया है।

ज्वैलरी, चूड़ी और कपड़ों की दुकानों और ब्यूटी पार्लर पर महिलाओं की भीड़ है। कपड़ा व्यवसायी महेंद्र अग्रवाल ने बताया कि करवा चौथ के मद्देनजर सबसे ज्यादा लाल पीली साड़ियों की बिक्री हो रही है। संदीप रौनियार ने बताया कि सूरत, गुजरात, जयपुर, कोलकाता, बनारस चुनरी, साड़ियों की मांग ज्यादा बढ़ी है। कपड़ा व्यवसायी विपिन अग्रवाल, निरंजन अग्रवाल, संजय चौरसिया ने बताया कि इस बार कारोबार अच्छा होने की उम्मीद है। सिसवा कस्बे की रहने वाली सीमा मद्धेशिया ने बताया कि करवा चौथ को देखते हुए तैयारी की जा रही है। रीता यादव, अंशु अग्रवाल, मोनिका सोनी, अर्चना, रिंकी ने बताया कि बाजार में जरूरी सामानों की जरूरी की जा रही है।

स्वर्णकारों ने भी फैशन को दी वरीयताः महिलाओं की पसंद और चलन को देखते हुए स्वर्णकारों ने भी फैशन को वरीयता दी है। बाजार में पायल एवं बिच्छू, डिजाइनर चेन, डिजाइनर अंगूठी महिलाओं की खासी पसंद बने हुए हैं। सुहागिनों के लिए बेहद खास इस त्योहार की तैयारियों से शहर के बाजारों में खासी रौनक बनी हुई है। करवा चौथ पर मुफ्त में मेहंदी लगाने की व्यवस्थाः करवाचौथ को लेकर एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है। मेहंदी लगवाने, हेयर कटिंग, अन्य शृंगार करने, सजने–संवरने के लिए ब्यूटीशियन की बुकिंग की जा रही है। ब्यूटीशियन जाह्नवी ने बताया कि हाथ एवं पैर में मेहंदी लगाने के अलग–अलग दाम तय किए गए हैं। सजाने की कीमत ज्यादा है। उन्होंने बताया कि करवा चौथ पर मुफ्त में मेहंदी लगाने की व्यवस्था है। फेश वॉश, ब्लीच करवाने के लिए अभी से ही महिलाएं पहुंच रही हैं। उन्होंने बताया कि महिलाओं को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए खरीदारी करने पर डिस्काउंट और तरह–तरह के ऑफर दिए जा रहे हैं।

# विधायक ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में दौरा कर लोगों की मदद का दिलाया भरोसा

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसियापुर / सिद्धार्थनगर। लगातार वारिस होने कारण सैकड़ों गांवो में पानी घुस चुका है। इस बाढ़ के चलते ग्रामीणों साहित जानवरों की समस्या होने लगी है। विधायक विनय वर्मा ने शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गुलरगेजवा, पकडड़िहवा, रेकहट में बाढ़ से प्रभावित इलाकों का दौरा किया। उन्होंने नाव में सवार होकर अपने सहयोगियों के साथ उक्त सभी इलाकों बाढ़ के पानी से उत्पन्न समस्याओं को जाना तथा देवतुल्य जनता–जनार्दन जो कई जगह बाढ़ के कारण फंसे थे उनको खुद सहायता देकर सुरक्षित स्थान तक पहुँचाया। और उनको हर संभव मदद पहुँचाने हेतु आवश्यक सभी पहलुओं पर गंभीरता से विचार–विमर्श किया। विधायक ने कहा कि इस निरीक्षण के दौरान पाया कि शासन और प्रशासन स्तर पर जो भी उच्च अधिकारी हैं उनको उनके नीचे के अधिकारियों द्वारा बाढ़ की मौजूदा भयावह स्थिति के बारे में अधूरी और गलत जानकारी दी जा रही है जिससे वो इसे हल्के में ले रहे हैं। एक जनप्रतिनिधि होने के नाते मैं महिनों से इन स्थितियों के बारे में जिलाधिकारी, पुलिस कप्तान व अन्य अधिकारियों को सूचित करता आ रहा हूँ। जिस बात की चिंता थी वही हुई और हमारे विधानसभा क्षेत्र में बाढ़ के कारण चार लोगों की जान चली गई। मैं केवल अधिकारियों के संज्ञान हेतु मृतकों का विवरण सांझा कर रहा हूँ ताकि उनको सही मायनों में हालात का पता चले। बीते कल समय शाम 05.30 बजे नरेन्द्र पुत्र सुदामा ऊम्र–32 वर्ष अपनी पत्नी राजमती व अपनें दो बच्चों क्रमशः अनुष्का पुत्री नरेन्द्र उम्र–04 वर्ष अनामिका पुत्री नरेन्द्र उम्र–02 वर्ष निवासी ग्राम पचपेड़वा थाना कठेला समयमाता को अपने ससुराल (नेपाल) से अपने घर रिक्शे से जा रहा था। रास्ते में थाना ढेबरुआ क्षेत्रांतर्गत ढेबरुआदृइटवा मार्ग बिघउआ सड़क के ऊपर से बाढ के पानी का तेज बहाव होने के कारण असंतुलित होकर पानी में गिर गए जिससे चारो लोग पानी में बह गए जिनकी तलाश की जा रही है। यह घटना हृदयविदारक है। ढ़ेबरुआ प्रशासन व थानाध्यक्ष की लापरवाही से चार लोगों की जान चली गई। उनके द्वारा वक्त रहते उक्त मार्ग का निरीक्षण कर एहतियातन सुरक्षा व्यवस्था की गई होती तो वो परिवार आज हम सबके बीच होता।



# पीड़ितों से मिले विधायक विनय वर्मा

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर । मंगलवार को स्वागत और के विधायक विनय वर्मा ने अपने विधानसभा क्षेत्र के बाढ़ में बह जाने वाले पीड़ित परिजनों से मिलकर







उन्हें आत्म सुरक्षा देने की बात करके आपको बता दें कि सोमवार को रिक्शा पर जा रहे हैं मां और बच्चों के बाढ़ में बजाने के नाते भजनों की रो रो के बुरा हाल थी मंगलवार को विधायक विनय वर्मा ने उनके घर पहुंच कर उनसे बात की विधायक विनय वर्मा ने कहा कि हमारे विधानसभा क्षेत्र के ग्रामसभा पचपेड़वा में एक बाढ़ ने हँसता–खेलता परिवार को निगल लिया। एक ही परिवार के चार लोगों जिसमें माता–पिता और दो बच्चे बाढ़ की तेज बहाव में बह गयें, उस परिवार में अकेला बचा हुआ 12 साल के अंकित से आज मिला तो कलेजा पसीज गया। शासन और प्रशासन की लापरवाही की भेंट चढ़े इस परिवार का अकेला बचा यह वारिस न तो रो पा रहा है और ना ही कुछ बोल पा रहा है। अपने माता–पिता और भाई–बहनों के वापस लौटने की उम्मीद में अंकित तो कहाँ पता कि वो अब सबको हमेशा के लिए खो चुका है। मुझे हैरानी और दुख होता है कि जिस घटना और अनहोनी की आशंका हम महीनों से जता रहे थे वो मेरे आँखों के सामने घटित हो गया। इस दुःखद घटना ने मुझे अंदर से झकझोर दिया है। हमने अपनी जिम्मेदारी से अंकित के सपनों को साकार करने की बात कही है साथ ही उसकी पढ़ाई–लिखाई व उसकी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु मैं हर स्तर पर जाकर मदद करने की बात समस्त स्थानीय लोगों के समक्ष कही है। अभी भी वक्त है कि हमारे विधानसभा क्षेत्र में शासन और प्रशासन मुस्तैदी से आगे आकर कार्य करें ताकि कोई और अंकित इस तरह से अनाथ ना हो पाये।

# सांसद प्रतिनिधि के नेतृत्व में बाढ़ पीड़ितों को लंच बॉक्स दिया गया

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसियापुर / सिद्धार्थनगर। जिला में लगातार बारिश के चलते कई ब्लाक में बाढ़ आ गया है। जिस कारण कई गांव पानी से घिर चुका है। आने जाने का रास्ता बंद हो चुका है। लोगों के पास खाने पीने सामग्री नही है। बढनी ब्लॉक के खैरी शीतल प्रसाद, मटियार उर्फ भूतहवा में सांसद जगदम्बिका पाल के दिशा निर्देश पर सांसद के विधानसभा प्रभारी सूर्य प्रकाश पांडे के नेतृत्व में लांच और पानी पहुचाया गया। इस दौरान प्रधान संघ ब्लाक अध्यक्ष बबलू चौबे,युवा समाजसेवी अनिल ग्रहरि, समाजसेवी,राजू मौर्य, संजय दुबे, शुभम गोड,आकाश वास्तव, पिन्टू मौर्या, धर्मेंद्र मौर्या आदि लोग मौजूद रहे।



# युवा भारत ने मिमिक्री स्टार अभय शर्मा को किया सम्मानित

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। देश विदेश तक अपनी पहचान बना चुके विलक्षण प्रतिभा के धनी अभय कुमार शर्मा को युवा भारत ट्रस्ट के बैनर तले सम्मानित किया गया। युवा भारत के जिला सन्यवयक चन्द्रभान गुप्ता के नेतृत्व में सदर उपजिलाधिकारी रमेश कुमार एंव ज्योतिष विद देवेश मिश्रा गुरु के द्वारा स्वामी विवेकानंद की तस्वीर एंव बुके भेंट कर अभय शर्मा को सम्मानित किया गया। एसडीएम सदर रमेश कुमार ने कहा कि निश्चय ही अभय ने का मान बढ़ाया है और अपने को देश स्तर पर प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। रमेश कुमार ने कहा कि सोनी टीवी के शो इण्डियाज लाफ्टर चौंपियन एंव स्टार प्लस टीवी के शो द ग्रेट इण्डियन लाफ्टर चौलेंज में अपनी प्रतिभा का जादू



बिखेरने वाले अभय का सम्मान कर हम सब आज खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।वहीं देवेश मिश्रा गुरु ने कहा कि अभय ने जो भी आयाम हासिल किया है वो लोगों के लिए प्रेरणास्रोत है और आगे भी उनको बुलन्दियों को छूना है।अशोक शुक्ला एंव अधिवक्ता विजय प्रकाश मालवीय ने कहा कि अभय बहुत ही सहज व मिलनसार भी है इनका यही गुण इनको सबसे भिन्न बनाता है।उन्होंने कहा कि इतनी बुलन्दियों को छूने के बावजूद भी अभय अपने गांव और अपने लोगों को नही भूले और लगातार सबके सम्पर्क में बने हुए है ये उनके व्यक्तित्व को दर्शाता है।उत्सव ट्रस्ट के संस्थापक आशीष पाठक एंव समाजसेवी मनीष पांडेय ने बताया कि वो अभय को बचपन से ही जानते है और हम सभी को उनसे उम्मीद थी कि वो एकदिन जरूर कुछ बड़ा और सबसे अलग करेंगे। प्रदेश सरकार के यूथ आइकॉन सौरभ कांत पति तिवारी एंव युवा भारत के डबलपमेंट ऑफिसर नवीन कुमार सिंह ने कहा कि हम सभी को अभय शर्मा से प्रेरणा लेनी चाहिए जिन्होंने हर परिस्थिति का सामना किया और अंत तक हार नही मानी। उक्त अवसर पर युवा भारत के सन्तपति मिश्रा, ओम प्रकाश पटेल, अजय कुमार वर्मा, अशोक दूबे, अनुज मौर्या, नागेन्द्र विश्वकर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# छात्रों को बांटा गया स्मार्ट फोन, खिल उठे चेहरे

## *स्मार्टफोन का पढ़ाई में करें सदुपयोग:विनीत सिंह*

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। सरकार द्वारा उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों के लिए चलाये महत्वाकांक्षी योजनाओं के तहत स्मार्टफोन वितरण योजना के तहत बुधवार को सुग्रीव साहू रामनरेश गुप्त महाविद्यालय मे स्नातक तृतीय वर्ष के 187 छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण किया गया। वितरण समारोह मे बतौर मुख्य अतिथि श्यामनारायण सिंह उर्फ विनीत सिंह सदस्य विधान परिषद सदस्य ने वितरण समारोह मे उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुये कहा कि आधुनिक युग के लिए स्मार्टफोन बहुत ही उपयोगी है।सभी छात्र छात्राएं स्मार्टफोन का सदपयोग करते हुये स्मार्टफोन का पढाई मे उपयोग करे ताकि आगे चलकर भविष्य व देश के निर्माण कर सके,इसके अलावा



तमाम ज्ञानवर्धक टिप्स दिये। सिंह द्वारा दिये गये ज्ञानवर्धक व जीवन से जुडे एक एक शब्दों को बढे ही ध्यान से बच्चे सुन रहे थे।कार्यक्रम मे बतौर विशिष्ट अतिथि राधिका पटेल जिला पंचायत अध्यक्ष ने भी स्मार्टफोन वितरण करते हुये सभा को संबोधित की। विद्यालय के प्रबधंक शिवानंद गुप्ता ने बताया कि पहली बार इस क्षेत्र के आदिवासी बच्चों को स्मार्टफोन मिला है जिससे बच्चों मे हर्ष देखा जा रहा है सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये स्मार्टफोन का पढाई मे उपयोग करके आगे बढने की सलाह दिये। इस मौके पर मुख्य रूप से एम एल सी विनीत सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राधिका पटेल, जिला पंचायत सदस्य मोहन कुशवाहा, आनंद खरवार, मंडल अध्यक्ष सुनील जायसवाल, मकसूदन सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख घोरावल, प्रवीण सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख नगवा,लक्ष्मी जायसवाल ,जिलाध्यक्ष प्रधान संगठन, भूपेंद्र सिंह, ओ.पी.गुप्ता, अनील सिंह, नवनीत सिंह प्रभारी निरीक्षक रमेश यादव, समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन कृष्णमुरारी मिश्रा ने किया।

# हित चिंतक अभियान को सफल बनाने का लिया गया संकल्प

दैनिक बुद्ध का संदेश

बीजपुर/सोनभद्र। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड बीजपुर में प्रखंड उपाध्यक्ष मनीष सिंह की अध्यक्षता में पंचायत



भवन में एक बैठक बुधवार को संपन्न हुई। जिसमे विश्व हिंदू परिषद के प्रांत उपाध्यक्ष विद्या भूषण का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ इस बैठक में हित चिंतक अभियान को सफल बनाने के लिए व्यापक रूप से योजना बनाई गई एंव आगामी कार्यक्रम के विषय पर चर्चा करते हुए प्रखण्ड मे सभी समितियों की समीक्षा की गयी। सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर मे पाँच हजार पाँच सौ इंक्यावंन हित चिंतक बनाने के कार्य को पूर्ण करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन प्रखण्ड मंत्री चंदन गुप्ता ने किया। इस बैठक में मुख्य रूप से विभाग संगठन मंत्री सतीश, प्रखण्ड अध्यक्ष मनोज सिंह, जिला धर्माचार्य संपर्क प्रमुख उपेंद्र प्रताप सिंह, बजरंग दल जिला संयोजक संदीप गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष मीरा सिंह , दुर्गावाहिनी प्रखण्ड संयोजिका सुमित्रा गुप्ता , प्रखण्ड सह संयोजक अजय गुप्ता, गणेश देव पांडेय , प्रेमलाल, राजेश विश्वकर्मा, विशाल तिवारी, निर्भय जायसवाल, आनंद गुप्ता , रामनरेश गुप्ता, सुधा, श्रवण सिंह , अरविंद गुप्ता, के साथ खण्ड व उपखण्ड के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राम अवध सिंह महाविद्यालय जरहाँ बीजपुर में निः शुल्क स्मार्टफोन का वितरण

दैनिक बुद्ध का संदेश

बीजपुर/सोनभद्र। राम अवध सिंह महाविद्यालय जरहाँ बीजपुर में मुख्यमंत्री की महत्वपूर्ण योजना उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा में अध्ययनरत युवाओं को तकनीकी सहायता हेतु टैबलेटध्स्मार्टफोन के निःशुल्क वितरण के तहत स्मार्टफोन का वितरण किया गया वितरण कार्यक्रम में जन प्रतिनिधि के रूप में एवं मुख्य अतिथि के रूप में जरहाँ न्याय पंचायत के जिला पंचायत सदस्य राम बिचार गोड़ एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर श्जनकधारी सिंह गौड़ जिला पंचायत सदस्य किरविल उपस्थित थे। निशुल्क स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य जरहाँ विशिष्ट अतिथि एवं महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. ओ. पी. सिंह के द्वारा दीप प्रज्जवलन एवं माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके प्रारंभ हुआ तत्पश्चात महाविद्यालय के प्रबंधक एवं शिक्षकों के द्वारा मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि का अंगवस्त्रम एवं मेमेंटो के द्वारा सम्मान किया गया उसके पश्चात पात्र छात्र छात्राओं को क्रमानुसार बुलाकर मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं महाविद्यालय के प्रबंधक, शिक्षकों के द्वारा निःशुल्क स्मार्टफोन का वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य जरहाँ ने मुख्यमंत्री की महत्वकांक्षी योजना निशुल्क स्मार्ट फोन योजना की विस्तार से चर्चा की चर्चा की एवं विशिष्ट अतिथि ने भी इस योजना की प्रशंसा की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक इस योजना के मूल उद्देश्य एवं स्मार्टफोन से शिक्षा में अवसर एवं तकनीक के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए पात्र छात्र–छात्राओं को यह भी बताया कि आगे के पढ़ाई में स्मार्टफोन उनके लिए किस प्रकार से लाभदायक सिद्ध होगा। इस अवसर पर निशुल्क स्मार्टफोन से लाभान्वित छात्र छात्राओं से बात करने पर उन्होंने खुशी व्यक्त करते हुए शासन का धन्यवाद दिया।



# ग्राम विकास अधिकारियों के चार वर्ष पूर्ण होने पर सम्मान समारोह

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। गांवों के विकास में ग्राम विकास अधिकारी की भूमिका अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। बिना किसी प्रलोभन, दबाव के शासकीय कार्यों का निर्वहन करना चाहिए। ग्रामवासियों की समस्याओं के निस्तारण के लिए सदैव तत्पर होने की कोशिश हो। ये बातें जिला विकास अधिकारी शेषमणि सिंह ने कही। वह बुधवार को शहर के एक होटल में वर्ष 2018 बैच के ग्राम विकास अधिकारियों के चार वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित सम्मान समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकारी अधिकारी, कर्मचारी को कार्य एवं दायित्व के प्रति सदैव सतर्कता बरतनी चाहिए। जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ प्रत्येक पात्रों तक पहुंचे, यही प्रयास हो। इसके लिए सामूहिक रूप से सभी को संकल्प लेना होगा। जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के परियोजना निदेशक नागेंद्र मोहन राम त्रिपाठी ने कहा कि सरकारी सेवा में आने के बाद लोकसेवक का दर्जा मिल जाता है। इस रूप से समाज के सभी वर्गों की खुशहाली के साथ ही सरकारी योजनाओं, कार्यक्रमों का शत–प्रतिशत क्रियान्वयन करने पर विशेष फोकस रहे। उत्तर प्रदेश ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष पांडेय ने संगठन के क्रिया–कलापों के बारे में जानकारी दी। मंडल अध्यक्ष राकेश पांडेय ने भी विचार व्यक्त किया। अंत में कार्यक्रम संयोजक, एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुजीत कुमार जयसवाल की अगुवाई में उपस्थित ग्राम विकास अधिकारियों का सम्मान करते हुए प्रशस्ति पत्र दिया गया। खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव, लालजी शुक्ला और राकेश शुक्ला, ग्राम विकास अधिकारी संघ के जिला मंत्री परमात्मा यादव समेत हरेंद्र नाथ पांडेय, मुकेश कुमार, विनय श्रीवास्तव, रविंद्र जाटव, ईश्वर देव, वसीक उर्रहमान, जय सिंह गुप्ता, गायत्री देवी, अंबुजा जायसवाल भी मौजूद थी।



# जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458
संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा
9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# युवाओं सहित कई संस्थाओं ने बढ़ाया बाढ़ पड़ितों के लिए मदद का हाथ

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसीपुर/बलरामपुर। विधानसभा तुलसीपुर गैसड़ी पचपेड़वा उतरौला सहित श्रावस्ती में बाढ़ की गंभीर स्थिति को देखते हुए





जिले के युवा शक्ति व कई संस्थाओं ने सरकारी सहायता में देरी देखते हुय भरा उठाया और अपने जान की बाजी लगाते हुए निकल पढ़े बाढ़ पीडतो की सहायता को तुलसीपुर में जहाँ नगर विकास मंच ने मदद का निर्णय किया वहीं भा. जा. पा. जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विक्की सिंह ने देविपाटन महंथ योगी मिथलेश नाथ के संरक्षण में वहीं राइनी समाज ने अपनी दान वीरता दिखाते हुए मुजीब अल्वी के नेतृत्व में विश्वास जमा कर बाढ़ पीड़ितों की में आ गया है तुलसीपुर के मीरु शाह ने मुंबई में रहते हुए तुलसीपुर के अपने साथियों से अपील की कि वह अपनी टोली में निकल कर बाढ़ पीड़ितों की मदद करें इसका भी व्यापक असर देखा गया इस प्रकार तमाम तो लिया जिसमें अधिकतर युवा आसपास के ग्राम प्रधान तमाम पत्रकार भी सहायता के मकसद से लगे रहे।

# पूर्व विधायक अमर सिंह चौधरी ने बाढ़ ग्रसित गांवो का दौरा किया

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसियापुर/सिद्धार्थनगर। वर्तमान में जनपद के कई ब्लाकों में बाढ़ की कहर जारी है। ऐसे में हर कोई पीड़ित परिवारो को अपने अपने स्तर से मदद करते हैं। शासन प्रशासन मदद करने के लिए लगे हुए हैं तो वहीं पूर्व विधायक अमर सिंह चौधरी ने भी शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सभी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रो का दौरा किया और विधानसभा क्षेत्र के कई गांवो में जाकर पीड़ित परिवारों का हाल चाल जाना। पूर्व विधायक ने बढनी ब्लाक के ढेबरुआ इटवा कटान मार्ग, मटियार उर्फ भूतहवा, तालकुंडा, टिकर, खैरी शीतल प्रसाद, तौलिहवा, पकडीहवा, बालानगर,रामनगर, सिसवा शिवभरी, खजुरिया, नजरगड़वा ,गरडरखा,खैरी उर्फ झुंगहवा गांवो का जायजा लिया। पूर्व विधायक अमर सिंह चौधरी ने कहा शासन प्रशासन से अपील करता हूँ कि जल्द से जल्द खाने पीने,चिकित्सा और नाव की व्यवस्था करें। जो परिवार बाढ़ में बह गया है उसे प्रशासन के द्वारा अविलंब सहयोग राशि मिले। मैं पहले ही अपने क्षेत्र की लोगों के सुख दुःख व विकास के लिए समर्पित था और अभी भी हूँ आगे भी रहूंगा। मैं अपनी तरफ से हर संभव मदद करूँगा। सैकड़ों गांव के किसानों का फसल नष्ट हो चुका है जिसका मुवाजा तहसील प्रशासन देना चाहिए।

# स्टाम्प वेंडर काली पट्टी बांधकर कार्य किया

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी/सिद्धार्थनगर। ऑल यूपी स्टाम्प वेंडर एसोसिएशन के आह्वान पर आज बुधवार को प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष संतोष कुमार मिश्रा जिला अध्यक्ष संतोष कुमार अग्रहरी तहसील अध्यक्ष मनोज कुमार दुबे एवं रमेश चंद्र श्रीवास्तव, जगदीश प्रसाद, पवन कुमार, अनिल कुमार ,शरद पांडे, संजय कुमार ने ऑल यूपी स्टाम्प वेंडर की सरकार द्वारा अनदेखी किए जाने को लेकर दो दिवसीय बांसी तहसील के स्टाफ वेंडर काली पट्टी बांधकर कार्य किया और सरकार का विरोध किया साथ ही कहा कि अगर सरकार हमारी बात नहीं मानी तो पूरे उत्तर प्रदेश में स्टाम्प वेंडर हड़ताल पर जाने के लिए विवश होंगे।



# हंसने के ये फायदे जान जबरदस्ती रहेंगे खिलखिलाते, जानें और दूसरों को भी हंसाए

हंसमुख चेहरा सभी को पसंद आता हैं और लोग ऐसे लोगों को ज्यादा पसंद करते हैं जो हमेशा ही मुस्कुराते हुए मिलते हैं। आपकी यह मुस्कान जहां आपकी पर्सनलिटी को बेहतर बनाती हैं वहीँ आपकी सेहत को भी फायदा पहुंचाती हैं। जिस तरह अच्छी हवा, अच्छा खानपान सेहतमंद रहने के लिए जरूरी होता है, उसी प्रकार आपकी हंसी भी आपको स्वस्थ रखने में अहम भूमिका निभाती है। आपने मॉर्निंग वॉक के दौरान पार्क में लोगों को नकली हंसी हंसते हुए देखा होगा क्योंकि यह भी एक व्यायाम की तरह आपको सेहतमंद बनती हैं। आज इस कड़ी में हम आपको हंसने के फायदे बताने जा रहे हैं जिन्हें जानकर आप भी हमेशा खिलखिलाते रहेंगे। आइये जानते हैं हसने के ये फायदे...

तनाव को करें फुर्र

तनाव, दर्द और झगड़े आदि को खत्म करने की शक्ति हंसी से ज्यादा किसी में नहीं है। आपके दिमाग और शरीर को कंट्रोल करने का जो काम हंसी कर सकती है, वह दुनिया की कोई दवा नहीं कर सकती। विशेषज्ञों के अनुसार हंसना इसलिए भी जरूरी है क्योंकि इससे आप सामाजिक बने रहते हैं और लोगों के साथ जुड़े रहने पर आपको तनाव या अवसाद जैसी समस्या नहीं सताती हैं।

सकारात्मक ऊर्जाः हंसी मजाक से आप अपने दिल व दिमाग के बोझ को कम करते हैं। खुश रहने



से आपके भीतर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और आप इसे अपने इर्द–गिर्द भी फैलाते हैं। आप जो काम करते हैं, उस पर अच्छे से फोकस कर पाते हैं। हंसने से आपकी बॉडी रिलेक्स होती है। कुछ देर तक खुलकर हंसने से मांसपेशियां कम से कम 45 मिनट तक रिलेक्स महसूस करती हैं।

इम्यून सिस्टम में होता हैं सुधार

हंसने से शरीर में अधिक मेलेटोनिन का उत्पादन होता है जो दिमाग द्वारा रिलीज हार्मोन है। इससे अच्छी नींद में मदद मिलती है। इससे नींद का पैटर्न भी सुधरता है। यही नहीं डिप्रेशन से जूझ रहे लोगों के लिए तो यह रामबाण है। खुलकर हंसना इम्यून सिस्टम में सुधार की वजह भी बनता है। हंसी की वजह से इम्यून सिस्टम में संक्रमण विरोधी एंटीबॉडी के साथ ही खून में टी–कोशिकाओं की संख्या में भी बढ़ोतरी हो, सकती है। इसलिए किसी भी कीमत पर हंसी के साथ दिन शुरू करना जरूरी है।

ठीक रहता है रक्त संचार

युनिवर्सिटी ऑफ मेरीलैंड के शोधकर्ताओं का दावा है कि हंसने का संबंध शरीर के रक्त संचार से है। उन्होंने अपने अध्ययन में प्रतिभागियों को दो समूहों में रखा। पहले समूह को कॉमेडी कार्यक्रम दिखाया और दूसरे को ड्रामा। शोध में पाया गया कि कॉमेडी कार्यक्रम देखने वाली प्रतिभागी जो खुलकर हंस रहे थे उनका रक्त संचार अन्य की अपेक्षा काफी बेहतर था।

बीपी नॉर्मल और दिल मजबूत

हंसने से हमारा बीपी नॉर्मल होता है। खासकर सिस्टॉलिक (सामान्य बीपी 120ध80) बीपी। ध्यान रहे कि सामान्य बीपी की रीडिंग में 120 की रीडिंग सिस्टॉलिक और 80 को डायस्टॉलिक कहते हैं। चूंकि हंसने से खून का बहाव तेज होता है तो हार्ट को पंप करने में भी यह मदद करता है। जब बीपी सामान्य रहेगा तो यह स्वाभाविक है कि दिल के लिए हंसी ही दोस्ती निभाएगी।

दर्द से आराम दिलाए

कई शोधों में यह पाया गया है कि स्पोंडलाइटिस या कमर के दर्द जैसे असहनीय दर्द में आराम के लिए हंसना एक प्रभावी विकल्प है। डॉक्टर लाफिंग थेरेपी की मदद से इन रोगों में रोगियों को आराम पहुंचाने का प्रयास करते हैं। इतना ही नहीं, 10 मिनट तक ठहाके लगाने से आपको दो घंटे तक दर्द से राहत या नींद आ सकती है।

सेक्स हॉर्मोन ऐक्टिवः हंसने से शरीर में कई हॉर्मोंस ज्यादा ऐक्टिव होते हैं। उनमें सेक्स हॉर्मोंस भी शमिल हैं। मसलनरू टेस्टास्टरोन, एस्ट्रोजन, प्रोजेस्ट्रोन आदि। इसका पॉजिटिव असर यह होता है कि लोगों की परफॉर्मेंस बेहतर हो जाती है। हंसी है यानी तनाव कम है। जब तनाव कम होता है तो सहवास के समय ध्यान नहीं भटकता।

स्किन करती हैं ग्लोः चूंकि हंसी की वजह से शरीर में ऑक्सिजन की मात्रा में इजाफा होता है तो इसका सकारात्मक असर हमारी स्किन पर भी पड़ता है। यह असर एक दिन या एक महीने में नहीं होता। ऐसा देखा जाता है कि जो लोग हंसमुख होते हैं, उनकी स्किन ऐसे लोगों की तुलना में कुछ ज्यादा दमकती है जो हंसने में कंजूसी करते हैं।

# हंसिका मोटवानी की अगली फिल्म फ्लोर पर


निर्देशक आर. कन्नन की अगली फिल्म, जिसमें अभिनेत्री हंसिका मोटवानी मुख्य भूमिका में हैं, पर काम एक साधारण पूजा के साथ शुरू हुआ। फिल्म का निर्माण जी. धनंजयन द्वारा किया



जा रहा है, जिन्होंने निर्देशक आर. कन्नन की पिछली फिल्म, समीक्षकों द्वारा प्रशंसित सुपरहिट फिल्म इवान थंथिरन का भी निर्माण किया था। यूनिट के करीबी सूत्रों का कहना है कि कन्नन की आने वाली फिल्म एक नायिका केंद्रित होगी और यह एक भावनात्मक, हॉरर–आधारित कॉमेडी थ्रिलर होगी। फिल्म की मुख्य कहानी का विचार लेखक मा से आया था। एक सूत्र ने कहा, थोलगप्पियन ने कहा कि निर्माता धनंजयन ने कहानी की पटकथा को कई दिलचस्प तत्वों के साथ विकसित किया है। फिल्म के संवाद गीतकार श्रीनी सेल्वराज ने लिखे हैं। माना जाता है कि थोलगप्पियन, धनंजयन और श्रीनी सेल्वराज की तिकड़ी ने आर. कन्नन को एक बाध्य लिपि देने से पहले छह महीने से अधिक समय तक इस स्क्रिप्ट विचार पर काम किया था। मेट्रो शिरीष, मयिलसामी, थलाइवासल विजय, ब्रिगेडा और पवन जैसे जाने–माने कलाकार भी फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए दिखाई देंगे, जिसे बिना रुके शूट किया जाना है और तीन महीने में पूरा किया जाना है।




# राम सेतु का ट्रेलर रिलीज, हजारों साल पुराना इतिहास ढूंढते दिखे अक्षय कुमार




अक्षय कुमार की चर्चित फिल्म राम सेतु के ट्रेलर का दर्शकों को इंतजार था। मंगलवार को फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। राम सेतु का भारत में पौराणिक महत्व है। फिल्म का प्लॉट राम सेतु पर एक काल्पनिक कहानी है। फिल्म में अक्षय एक पुरातत्वविद की भूमिका में नजर आ रहे हैं जो राम सेतु की सच्चाई सामने लाने की कोशिश कर रहा है। फिल्म में अक्षय के साथ जैकलीन फर्नांडिस भी मुख्य भूमिका में हैं।

मंगलवार को फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म की कहानी राम सेतु की पौराणिकता और उसपर होने वाली राजनीति के इर्द–गिर्द है। अक्षय एक आर्कियोलॉजिस्ट की भूमिका में हैं जो 7,000 साल पुराने इतिहास को ढूंढने में लगे हैं। ट्रेलर में अक्षय के साथ नुसरत भरूचा और जैकलिन भी नजर आ रही हैं। फिल्म बेहतरीन लोकेशन्स पर फिल्माई गई है। साथ ही फिल्म में वीएफएक्स की भी भरपूर इस्तेमाल है। फिल्म 25 अक्टूबर को रिलीज होगी।

राम सेतु का निर्देशन अभिषेक शर्मा ने किया है। वहीं इसका लेखन चंद्रप्रकाश द्विवेदी ने अभिषेक के साथ मिलकर किया है। फिल्म का निर्माण लाइका प्रोडक्शन और केप ऑफ गुड फिल्म्स ने मिलकर किया है। अमेजन प्राइम वीडियो भी फिल्म की सह–निर्माता है। अब ट्रेलर पर दर्शकों की प्रतिक्रिया का इंतजार है। रामायण पर बनी फिल्म आदिपुरुष इन दिनों विवादों में है। इस माहौल में यह फिल्म भी विवादों में घिर सकती है। फिल्म का पोस्टर रिलीज होने के बाद भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने अक्षय और फिल्म निर्माताओं को कानूनी नोटिस भेजा था। उन्होंने दावा किया था कि फिल्म में राम सेतु के मसले को गलत ढंग से पेश किया गया है। उन्होंने अपने ट्वीट में उन्होंने लिखा था, मुंबई सिनेमा वाले लोगों को झूठ बोलने और चीजों के गलत इस्तेमाल करने की बुरी आदत है। उन्होंने निर्माताओं पर तथ्यों से छेड़छाड़ का आरोप लगाया था। राम सेतु दिवाली के मौके पर 25 अक्टूबर को रिलीज हो रही है। इन दिन अजय देवगन और सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म थैंक गॉड इस फिल्म से पर्दे पर टकराएगी। राम सेतु इस साल की अक्षय की पांचवी फिल्म है। इनके अलावा वह कई आने वाली फिल्मों का भी हिस्सा हैं। अक्षय इमरान हाशमी के साथ फिल्म सेल्फी में नजर आएंगे। यह फिल्म अगले साल फरवरी में रिलीज होगी। वह अली अब्बास जफर की बड़े मियां छोटे मियां 2 में टाइगर श्रॉफ के साथ दिखाई देंगे। वह ओह माय गॉड के सीक्वल में भी काम कर रहे हैं। हाल ही में हाउसफुल 5 की स्टारकास्ट की भी घोषणा हुई है।

# परिणीति चोपड़ा ने कोड नेम तिरंगा के लिए तीन महीने तक सीखा क्राव मागा

अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने साझा किया है कि उन्हें फिल्म कोड नेम तिरंगा में एक कुलीन एजेंट के रूप में अपनी भूमिका



निभाने के लिए तीन महीने तक इजरायली मार्शल आर्ट फॉर्म क्राव मागा सीखना पड़ा। इजराइल रक्षा बलों के लिए विकसित, क्राव मागा एकिडो, जूडो, कराटे, और मुक्केबाजी और कुश्ती में उपयोग की जाने वाली तकनीकों के संयोजन से लिया गया है। परिणीति कहती हैं, एक एजेंट की प्रमुख एक्शन तकनीकों में से एक हाथ से हाथ मिलाना है, इसलिए मैंने अपने एक्शन □श्यों को ठीक करने के लिए कुल 3 महीने तक मार्शल आर्ट का एक रूप क्राव मागा सीखा। वह आगे कहती हैं, मेरे ज्यादातर फाइट सीक्वेंस उन पुरुषों के खिलाफ थे जो मुझसे बहुत लंबे थे जैसे स्टंट मैन और सह–अभिनेता शरद केलकर और कभी–कभी फाइट सीक्वेंस के लिए उन्हें अपने पूरे शरीर के वजन के साथ लडना पड़ता था। परिणीति ने कहा कि ज्यादातर दिनों के अंत में उनके पूरे शरीर पर चोट और चोट के निशान थे।और अगले दिन सबसे ज्यादा मेकअप की जरूरत मेरे चेहरे पर नहीं, बल्कि अपनी चोटों को छिपाने के लिए होगी। जिस तरह से लोग ट्रेलर में मेरे एक्शन शॉट्स को पसंद कर रहे हैं, उससे मैं बेहद खुश हूं और यह मेरे लिए एक बड़ी बात है। मेरे जैसा कोई व्यक्ति जिसने पहले कभी एक शैली के रूप में एक्शन नहीं किया है।कोड नेम तिरंगा में परिणीति के साथ हार्डी संधू भी हैं और यह 14 अक्टूबर को रिलीज होने के लिए तैयार है।

# नेलपॉलिश लगाने के बाद सुखाना चाहते हैं जल्दी, आजमाए ये तरीके

समय के साथ फैशन का अंदाज भी बदलता रहता हैं। लड़कियां अपने लुक में निखार लाने के लिए फैशन से जुड़ी कई चीजें अपनाती हैं जिनमें से एक हैं नेलपॉलिश। यह आपको नाखुनों को आकर्षक दिखाने के साथ ही बेहतरीन लुक देने का काम करती हैं। लेकिन कई बार देखने को मिलता है कि नेलपॉलिश सूखने में काफी समय लग जाता हैं जिसकी वजह से महिलाएं कुछ भी काम नहीं कर पाती हैं। कई बार नेलपेंट गीली होने की वजह से फैल भी जाती हैं और डिजाईन बिगड़ जाती हैं। ऐसे में आज हम आपके लिए कुछ ऐसे टिप्स लेकर आए हैं जिसे आजमाने के बाद नाखुनों की नेलपॉलिश झट से सूख जाएगी और नेलपेंट खराब भी नही होगी। आइये जानते हैं इन टिप्स के बारे में...

शेक अप द बॉटलः नेल पॉलिश कितनी जल्दी सूखती है यह डिपेंड करता है कि आप किस तरीके से उसे लगाती हैं। नेल पॉलिश को अगर कुछ दिनों के लिये छोड़ दिया जाए तो वह गाढी हो जाती है। इसलिये उसे लगाने से पहले उसमें थोडाघ सा एसिटोन मिला दें जिससे वह हल्की हो जाए और फिर उसे लगाएं।

ठंडा पानी करें इस्तेमालः आप ठंडे पानी का इस्तेमाल करके नेल पेंट जल्दी से सुखा सकती हैं। जब भी आप नेल पॉलिश लगा रही हैं तो एक कटोरी में आइस वॉटर डालें। इसके बाद जब भी आप नेल पेंट दोनों नाखुनों पर लगा लें तो अपने हाथों को आइस वाटर में डूबोकर रखें। इससे नेलपेंट जल्दी सुख जाएगा।

टॉप कोटः अधिकतर लड़कियां टॉप कोट लगाना भूल जाती है। जबकि टॉप कोट एक जेल होता है और इसका टेक्सचर पतला होता है। इससे नेलपॉलिश कितनी भी कोट लगाई जाए ये जल्दी से सूख जाती है। टॉप कोट को हल्के गीले नेलपेंट के ऊपर लगाने से भी नेलपॉलिश खराब नहीं होती है और ये जल्दी सूख जाती है।



ब्लो ड्रायर का इस्तेमाल

नेलपॉलिश जल्दी सुखाना चाहते हैं तो ब्लो ड्रायर का इस्तेमाल कर सकते हैं। हांलाकि कुछ लड़कियां इस आईडिया को पसंद नहीं करती है, लेकिन अगर आप चाहें तो ब्लो ड्रायर से नाखुनों को सुखा सकती हैं। इसके लिए बस आपको ब्लो ड्रायर को मिनिमम सेंटिग पर रखना होगा जिससे ये हीट न करे और केवल हवा दे। जिससे नेलपेंट आसानी से सूख जाए।

ड्राइंग ड्रॉप्स का इस्तेमाल करके

आप ड्राइंग ड्रॉप्स का इस्तेमाल करके नेल पेंट सुखा सकते हैं। आपको बाजार में आसानी से ड्राइंग ड्राप्स मिल जाएंगे। नेल पॉलिश लगाने के बाद इसे अपने नाखुन पर लगाएं। इससे भी नेल पेंट बहुत ही आसानी से सुख जाएगा। यह ऑयल नाखुनों के लिए बहुत ही फायदेमंद माना जाता है।

बेबी ऑयलः आप बेबी ऑयल का इस्तेमाल नेल पेंट सुखाने के लिए कर सकते हैं। इसके अलावा आप ऑलिव ऑयल भी नेल पेंट को सुखाने के लिए प्रयोग कर सकते हैं। एक कटोरी में बेबी ऑयल डालें। इसके बाद इसमें अपनी उंगलियां डुबोकर रखें। इससे आपकी नेल पॉलिश जल्दी सुख जाएगी।

पतली कोटिंगः आपके नेलपेंट लगाने के तरीके पर भी यह निर्भर करता है कि नेलपेंट कितनी देर में सूखेगी। अगर आप नेलपेंट की थिक लेयर लगाती हैं तो उसे सूखने में काफी वक्त लगता है। कई बार तो इसमें घंटों भी लग जाते हैं। इसलिए सबसे अच्छा तरीका है कि आप नेलपेंट की थिन लेयर लगाएं। इससे आप उसे मैसी होने से बचा सकती हैं।